माघ शुक्ल पक्ष-2, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07, अंक - 252 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
26 फरवरी 2024 सोमवार

**आज का मौसम**
29 अधिकतम
17 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page- 7

ज्ञानवापी मामला

## मुस्लिम पक्ष को झटका, हाइकोर्ट ने पूजा जारी रखने का दिया आदेश

**प्रयागराज, एजेंसी।** ज्ञानवापी मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम पक्ष की याचिका खारिज करते हुए व्यास तहखाने में हिंदू पक्ष की पूजा को जारी रखने का आदेश दिया है। इससे पहले वाराणसी जिला अदालत ने भी इस मामले में हिंदुओं के पक्ष में फैसला सुनाया था, जिसके खिलाफ ही मुस्लिम पक्ष इलाहाबाद हाई कोर्ट पहुंचा था। मगर आज यहां भी मुस्लिम पक्ष को निराशा हाथ लगी। हालांकि मुस्लिम पक्ष के पास अभी सुप्रीम कोर्ट जाने का विकल्प खुला हुआ है। इससे पहले हाईकोर्ट ने हिंदू और मुस्लिम दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद पहले ही फैसला सुरक्षित रख लिया था।



इस मामले में मुस्लिम पक्ष का दावा था कि डीएम को वाराणसी कोर्ट ने रिसीवर नियुक्त किया है, जो पहले से काशी विश्वनाथ मंदिर के सदस्य हैं इसलिए उनको नियुक्त नहीं किया जा सकता है। दस्तावेज में किसी तहखाने का जिक्र भी नहीं है। मुस्लिम पक्ष ने कहा था कि व्यासजी ने पहले ही पूजा का अधिकार ट्रस्ट को ट्रांसफर कर दिया था। ज्ञात हो कि ज्ञानव्यापी मस्जिद के सर्वे के बाद तहखाना खोल दिया गया था। इस मामले में शैलेंद्र कुमार पाठक ने वाद भी दायर किया था, जिसके बाद 31 जनवरी को जिला जज के आदेश पर हिंदू पक्ष को पूजा का अधिकार दे दिया गया था।

## हम इंडिया गठबंधन के साथ दबाव न बनाएंः आप

### ईडी के सामने फिर पेश नहीं हुए केजरीवाल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज भी प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए। ईडी के सातवें समन पर कहा कि मामला कोर्ट में लंबित है, जिसकी सुनवाई 16 मार्च को नियत है। ईडी रोज समन भेजने के बजाय कोर्ट के फैसले का इंतजार करें। पार्टी ने कहा कि हम इंडिया गठबंधन का साथ नहीं छोड़ेंगे। हमारे ऊपर इस तरह से मोदी सरकार दबाव न बनाए। ज्ञात हो कि अब तक मुख्यमंत्री को सात समन जारी हो चुके हैं। लेकिन अभी तक वह दिल्ली शराब घोटाले के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश नहीं हुए हैं।



## लोकदल नेता की हत्या से बवाल पूर्व विधायक पर मामला दर्ज

**चंडीगढ, एजेंसी।** हरियाणा के बहादुरगढ़ में इंडियन नेशनल लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की हत्या से सियासी बवाल मच गया है। राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं, हमलावरों ने करीब 50 राउंड फायरिंग की और हमले में नफे सिंह और उनके एक सुरक्षाकर्मी की मौत हो गई, उनके तीन निजी सुरक्षागार्डों को भी चोटें हैं। हमलावरों की संख्या पांच मानी जा रही है। ड्राइवर की रिपोर्ट पर पूर्व विधायक नरेश कौशिक समेत 7 सात लोगों को आरोपी बनाया गया है। हमलावर गाड़ी चालक संजय सिंह को धमकी देते हुए कहकर गए कि, तुझे जिंदा छोड़ रहे हैं, जाकर इनके घर बता दियो। वहीं नफे सिंह के पुत्र ने कहा है कि जब तक हमलावर गिरफ्तार नहीं होंगे,तब तक पोस्टमार्टम नहीं करने देंगे।



### मप्र के 33 रेल्वे स्टेशनों का स्वरूप बदलेगा, 1500 आरओबी शुरू

# ट्रैक पर तैयारियां.. मप्र के स्टेशनों के विकास को पीएम की हरी झंडी



**भोपाल/ नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो**
लोकसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के पहले केंद्र व राज्य सरकार तेजी से योजनाओं को सिरे चढाने में जुटी हैं।यह तैयारियां सरकार व संगठन दोनों स्तरों पर है। कल भोपाल, ग्वालियर व खजुराहो में केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने मैदानी चुनाव तैयारी का आकलन किया है और आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मप्र की अहम रेल परियोजनाओं का वचुर्अल लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिसमें अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास व ओवर ब्रिजों, अंडरपास शामिल हैं। मोदी ने कहा कि आपका सपना आपकी मेहनत और मोदी का संकल्प विकसित भारत की गारंटी है। उन्होंने कहा अमृत स्टेशन भारत के विकास का प्रतीक है अब भारत छोटे नहीं बड़े सपने देखने लगा। इन नई रेल परियोजनाओं से रोजगार के अवसर भी बढ़ेगे।

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने संबोधित किया। उन्होंने इस अवसर पर वंदे भारत एक्सप्रेस और मेट्रो ट्रेन का उल्लेख किया। उन्होंने नई सौगातों का भी उल्लेख किया। उन्होंने आशा जताई कि डबल इंजन की सरकार देश और प्रदेश का बेहतर विकास करेगी।

स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डा मोहन यादव सीहोर में स्टेशन पहुंचे व कार्यक्रम में शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि देश के 544 रेलवे स्टेशन पुनर्विकास के लिए चुने गए हैं। इसमें मध्य प्रदेश के 33 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास भी शामिल किया गया है। इनके लिये 15143 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की गई है।

प्रधानमंत्री ने राज्य के 133 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) एवं अंडरपास का भी शिलान्यास एवं उद्घाटन किया है। इस कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री आज श्योपुर जिले में पालपुर कूनो में चीता मित्रों को साइकिल भी वितरित करने पहुंचेंगे। यहीं चीता परियोजना से संबंधित बैठक भी हो रही है इसमें केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव भी शामिल होंगे।

### मध्यप्रदेश के इन स्टेशनों को सौगात

मध्यप्रदेश के जिन 33 रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास के लिए शिलान्यास किया जा रहा है उनमें जबलपुर और भोपाल रेल मंडल के पांच-पांच स्टेशन शामिल हैं। पुनर्विकास के लिए चयनित स्टेशनों में सीहोर, जबलपुर, बीना, अशोकनगर, खिरकिया, सांची, शाजापुर, ब्यौहारी, बरगवां, नरसिंहपुर, पिपरिया, इंदौर, उज्जैन, मंदसौर, मक्सी, नागदा, नीमच, शुजालपुर, खाचरोद, बालाघाट, छिंदवाड़ा, खंडवा, मंडला फोर्ट, नैनपुर, सिवनी, अनूपपुर, शहडोल, उमरिया, बिजुरी, मुरैना, हरपालपुर, दतिया और भिंड स्टेशन शामिल हैं। आरओबी में जबलपुर रेल मंडल के दो और भोपाल रेल मंडल के चार आरओबी शामिल हैं। अंडरपास के अंतर्गत जबलपुर में एक एवं भोपाल मंडल में दो स्थानों पर कार्य होंगे।



मुख्यमंत्री मोहन यादव ने आज सीहोर में प्रधानमंत्री के वचुर्अल कार्यक्रम में शामिल होने से पहले रोड शो किया।

## जौनपुर में ट्रैक्टर ट्राली व बस में भिड़ंत, छह मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले में सिकरारा क्षेत्रमें रोडवेज बस की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलटने से उसमे सवार छह श्रमिकों की मृत्यु हो गयी जबकि एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गया। पुलिस सूत्रों ने सोमवार को बताया कि क्षेत्र के समाधगंज बाजार के पास मकान ढालने वाले ट्रैक्टर ट्राली पर सवार सात मजदूर रविवार देर रात करीब सवा 11 बजे काम से वापस आ रहे थे कि प्रयागराज-जौनपुर हाइवे पर प्रयागराज की तरफ से आ रही रोडवेज बस से जोरदार टक्कर हो जाने के कारण ट्रैक्टर ट्राली असंतुलित होकर पलट गई। इस हादसे में सिकरारा थाना क्षेत्र के अलीशाहपुर निवासी नीरज सरोज (28), राजेश सरोज (45), संग्राम सरोज (25), चाईं मुसहर (20), वीरपालपुर निवासी अतुल सरोज (30), बथुवावर निवासी गोविंदा बिंद (30) की मौत हो गयी।

## आज किसानों का ट्रैक्टर मार्च, महाजाम के हालात



**नोएडा।** किसान आंदोलन के तहत भारतीय किसान यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा संगठन ने आज नोएडा से दिल्ली तक ट्रैक्टर मार्च का ऐलान किया है। किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने की लगातार मांग कर रहे हैं। किसान आज नोएडा में जुट रहे हैं। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने नेतृत्व में पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों में आज हाईवे पर ट्रैक्टर श्रृंखला बनाई जाएगी। मार्च को देखते हुए नोएडा पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी जारी की है। इससे नोएडा व दिल्ली में फिर महाजाम के हालात बनने की आशंका पैदा हो गई है।

## मार्च में 14 दिन बंद रहेंगे बैंक

**नई दिल्ली एजेंसी।** फरवरी महीना अगले तीन दिन में खत्म हो जाएगा तथा त्योहारों वाले मार्च महीने की शुरुआत होगी। जिन्हें अगले महीने में बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम है, तो मार्च में 14 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा, यानी बैंक हॉलिडे रहेगा। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर छुट्टी की जानकारी अपलोड ली हैं। मार्च की लिस्ट के मुताबिक, दूसरे व चौथे शनिवार के साथ ही रविवार के साप्ताहिक अवकाश समेत महाशिवरात्रि, होर्ली गुड फ्राइडे समेत कई अवसरों पर बैंक बंद रहेंगे।




## राहुल की यात्रा मध्यप्रदेश में दो मार्च को करेगी प्रवेश

**भोपाल।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्यप्रदेश में मुरैना जिले की सीमा से दो मार्च को प्रवेश करेगी।

इधर, राहुल के प्रवेश से पहले महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष व आल इंडिया कांग्रेस कमेटी की सदस्य नूरी खान ने पार्टी में सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने लिखा कि 'कांग्रेस पार्टी के समस्त महत्वपूर्ण पदों से इस्तीफा दे रही हूं। पार्टी की विचारधारा से जुड़ी रहूंगी साधारण सदस्य के रूप में।' उन्होंने कहा कि मैं हज करने जा रही हूं।



**आज का कार्टून**




**मेट्रो एंकर**

### मौसम विभाग की चेतावनी, मप्र समेत कई राज्य होंगे प्रभावित..

# फिर बुरी तरह बिगड़ने वाला है मौसम ...

**भोपाल/ नई दिल्ली, दोपहर मेट्रो**
पहाड़ों में हो रही बर्फबारी के बाद देशभर में एक बार फिर से मौसम करवट बदल रहा है। पिछले वर्ष भी मार्च में बारिश व आंधी तूफान का दौर चला था और इस बार भी वहीं हालात बन रहे हैं। मप्र में मौसम पलटने लगा है। आज सुबह से भोपाल में ठंडी हवा और बादलों का डेरा है। ठंड भी लौटती लग रही है। खास बात यह कि आज या कल बूंदाबांदी भी हो सकती है और यह हुआ तो फरवरी में बारिश न होने का रिकार्ड भी टूट जाएगा। मप्र में भोपाल समेत कई जिलों में अगले चार दिन ऐसा ही नरम गरम मौसम रहने के आसार हैं। उधर मौसम विभाग ने जम्मू- कश्मीर के साथ ही लद्दाख में तेजी बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है। वहीं मैदानी इलाकों में भी आंधी- तूफान की चेतावनी जारी की है। इसका असर दिल्ली में आज से ही दिखने लगा है। पिछले कुछ दिनों से दिख रही खिली धूप आज दोपहर बाद अचानक बादलों के पीछे छिप गई है। मौसम विभाग ने पहले ही कहा था कि 26 फरवरी यानी सोमवार को मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और झारखंड के अलग- अलग हिस्सों में मौसम काफी बिगड़ सकता है। इन राज्यों में तेज आंधी- तूफान, बारिश के साथ ही ओलावृष्टि होने की चेतावनी जारी की गई है। छत्तीसगढ़ में तो शनिवार से ही मौसम बिगड़ा हुआ है और वहां पर ओले गिरे हैं।



### उत्तर से दक्षिण तक बदलाव

दरअसल मौसम का ये लुकाछुपी का खेल उत्तर भारत से लेकर दक्षिण भारत तक चल रहा है। मौसम विभाग बीते कुछ दिनों से दिल्ली में हल्की बारिश के आसार बता रहा ही रहा है। यह असर भी पहाडों पर बर्फबारी से आया है। जम्मू एवं कश्मीर में अगले 24 घंटों के दौरान मौसम बारिश का ही बना रह सकता है। मौसम विभाग ने यहां मंगलवार से खराब मौसम की भविष्यवाणी की है।मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि 27 फरवरी को जम्मू-कश्मीर में आमतौर पर बादल छाए रहेंगे और हल्की बारिश/बर्फबारी की संभावना है, जबकि 28 फरवरी से 3 मार्च तक ज्यादा बारिश की संभावना है।

### डीएफओ ने किया नया प्रयोग, दो सेंसर आधारित सिस्टम लगाए

# अब जमीन की आद्रता भांपकर सेंसर बोलेंगे पौधों में पानी दो

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

**आमतौर पर पानी की कमी से पौध मर जाते हैं, इसलिए हर साल रोपे जा रहे करोड़ों पौधों के बावजूद भी मप्र में हरियाली का घनत्व उस तेजी से नहीं बढ़ रहा है लेकिन अब रीवा डीएफओ अनुपम शर्मा के अभिनव प्रयास से पौधे पानी की कमी से नहीं मरेंगे।**

डीएफओ शर्मा ने सेंसर आधारित सिस्टम तैयार किया है। यह जमीन की आद्रता को भांपता है और जैसे ही जमीन में नमी का स्तर कम होता है तो मोबाइल पर अलर्ट मैसेज देता है, जिसके बाद संबंधित क्षेत्रों में पौधों को पानी दिया जाता है। इस तरह पौधों को पानी मिल जाता है। ये सिस्टम रीवा सामान्य वन मंडल के बसामन मामा गौवंश विहार और इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के नगर वन में ये सिस्टम काम कर रहे हैं। एक सिस्टम लगाने पर 70 से 80 हजार रुपये का खर्च आता है।




### मौसम विभाग व कृषि संस्थान में हो रहा उपयोग

अब तक सेंसर आधारित ऐसे सिस्टम मौसम विज्ञान केंद्र व कृषि विज्ञान व वैज्ञानिक संस्थानों में ही काम करते रहे थे। सबकुछ ठीक रहा तो वन विभाग भी यह सिस्टम सभी वन मंडलों में अपनाएगा। सेंसर सिस्टम को पौधों की जड़ों के पास मिट्टी में स्थापित किया जाता है। ये हर पल मिट्टी की नमी की स्थिति का डाटा लॉगर में भेजते हैं। डाटा लॉगर से नमी की मात्रा की जानकारी इंटरनेट क्लाउड पर जाती है, जहां हर घंटे का डाटा रिकॉर्ड होता है। इस डाटा को कहीं पर भी, किसी भी समय देख सकते हैं या फिर स्वत- अलर्ट मैसेज के विकल्प का चयन कर मैसेज भी प्राप्त किए जा सकते हैं। इस तरह एक स्थान की नमी से संबंधित प्लांटेशन की नमी का अंदाजा लगाकर पौधों को पानी दिया जाता है।

### पानी की कमी व अन्य कारणों से इस तरह मर जाते हैं हर साल पौधे

- सामान्य वन मंडलों में प्लांटेशन विस्तार के तहत एक निर्धारित अवधि के बाद 30 प्रतिशत पौधे ही जीवित रह पाते हैं। बाकी के पौधों की मौत पानी व अन्य कारणों से हो जाती है। वहीं कैंपा योजना के तहत विशेष क्षेत्रों में रोपे जाने वाले पौधों की जीवितता दरें 70 से 75 प्रतिशत तक होती है। ये दावे वन विभाग के अधिकारी करते रहे हैं।
- इन पौधों की मौत की बड़ी वजह गर्मी में समय पर पानी नहीं मिलना, जंगल में आग लगना, मवेशियों द्वारा नुकसान पहुंचाना है।

# बीयू में दूरवर्ती शिक्षा व्यवस्था हुई बंद, विद्यार्थी विभाग के चक्कार काट रहे

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय को नैक का बी ग्रेड मिलने के चलते अब




दूरवर्ती शिक्षा ( डिस्टेंस एजुकेशन ) व्यवस्था बंद हो गई है। जानकारी नहीं होने के कारण विद्यार्थी विभाग के चक्कार काट रहे हैं। इनमें पूर्व छात्र जहां अंकसूची, डिग्री के लिए परेशान हो रहे हैं, तो वहीं कुछ छात्र नए कोर्स में प्रवेश के लिए भी पहुंच रहे हैं। वहीं ऐसे सैकड़ों लोगों को निराशा ही हाथ लग रही है, जो डिस्टेंस एजुकेशन से डिग्री कोर्स करना चाहते हैं। बता दें कि यूजीसी के नए नियम के अनुसार केवल ए-ग्रेड यूनिवर्सिटी ही दूरवर्ती शिक्षा केंद्र का संचालन कर सकती हैं। बीयू के पास अभी तक केवल बी-ग्रेड है। ऐसे में बीयू को अपना दूरवर्ती शिक्षा केंद्र बंद करना होगा। हालांकि यूजीसी के आदेश के बाद भी बीयू के विभाग बंद करने संबंधी कोई सूचना अब तक जारी नहीं की है।

### इन कोर्सों में मिलता था प्रवेश

उल्लेखनीय है कि बीयू में मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा संस्थान से बीए, बी.कॉम, बीबीए, एमए (राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, अर्थशास्त्र, हिंदी साहित्य, अंग्रेजी साहित्य), बीएलआईएससी, एमएलआईएससी, बीजसी, एमजेसी, मनोवैज्ञानिक परामर्श में पीजी डिप्लोमा, कार्मिक प्रबंधन, विपणन में विभिन्न यूजी, पीजी और डिप्लोमा कोर्स में विद्यार्थियों को प्रवेश मिलता था।

### वीर सावरकर की पुण्यथिति



भोपाल। कोटरा सुल्तानाबाद स्थित वीर सावरकर बाल उद्धयन पार्क में महापौर मालती राय ने वीर सावरकर की पुण्यथिति के अवसर पर पुष्पांजलि अर्पित की।

# भोपाल स्टेशन पर क्यूआर कोड स्कैन कर खरीद सकेंगे सामान्य रेल टिकट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अब रेलवे के सामान्य टिकट क्यूआर कोड स्कैन करके भी खरीदे जा सकेंगे। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल रेलवे स्टेशन पर इसकी शुरूआत हो चुकी है। रेलवे ने यहां स्कैनर लगाया है, जिसे यात्री मोबाइल के जरिये स्कैन करते हैं और टिकट खरीद लेते हैं। अभी यह सुविधा जनरल रेल टिकट के लिए ही दी गई है।

रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि भोपाल रेल मंडल ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत भोपाल स्टेशन के सिंगल यूटीएस काउंटर पर क्यूआर कोड स्कैनिंग डिवाइस लगाई है। इस पहल से यात्रियों को डिजिटल भुगतान की आसान सुविधा मिल रही है। यह कदम डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को बढ़ावा देगा और कैश लेस लेनदेन में मदद करेगा। भोपाल मंडल पश्चिम मध्य रेलवे का पहला मंडल है जहां क्यूआर कोड डिवाइस लगाई गई है। यह सुविधा अभी



भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म 1 पर स्थित काउंटर पर शुरू की गई है ताकि यात्रियों के फीडबैक भी लिए जा सकें।

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने बताया कि इस सिंगल यूटीएस क्यूआर कोड स्कैनिंग डिवाइस से यात्रियों को तीव्र भुगतान की सुविधा तो मिलेगी ही साथ ही चेंज/ खुल्ले पैसे आदि की दिक्कतों से भी राहत मिलेगी। इसके लिए यात्री को अपना डेस्टिनेशन स्टेशन बताना होगा, जिसके बाद काउंटर पर मौजूद रेलवे कर्मचारी यात्री का टिकट जनरेट करने के लिए स्टेशन कोड डालकर टिकट के लिए सिस्टम को कमांड देगा, जिसके बाद खिड़की पर लगी स्क्रीन पर क्यूआर कोड जनरेट होगा, यात्री द्वारा इसका पेमेंट होते ही सिस्टम ऑटोमैटिक टिकट जनरेट कर देगा।

### सी.आर.पी क्षेत्र की समस्या आदि हल हेतु आग्रह किया

# पंचायत ने पगड़ी रस्म हॉल के निर्माण हेतु आभार माना

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

संत हिरदाराम नगर की प्रमुख सामाजिक संस्था पूज्य सिंधी पंचायत ने हुजूर क्षेत्र के विधायक रामेश्वर शर्मा को पंचायत कार्यालय में आमंत्रित कर शाल, श्रीफल से स्वागत किया तथा पं0 दीनदयाल उपाध्याय बोरवन पार्क में उन्ही के भरसक प्रयास से सालो से लम्बित पगडी रस्म हाल का निर्माण करवाकर पंचायत को उपलब्ध कराने हेतु आभार माना।



वहीं सीआरपी क्षेत्र के निवासियों को रेलवे द्वारा 15 दिन का नोटिस देकर मकान खाली करने हेतु समस्या बताई तथा उसे हल करने हेतु निवेदन कर आवेदन दिया गया। जिसमें संत नगर के आसपास 2-3 किलोमीटर के अंदर ही इन्हे बसाया जाए। इसके साथ ही तीसरा पत्र संत नगर के लम्बित भूखंडो को पटटे प्रदान करने की अधूरी कार्यवाही को पूरी करवाने एवं वन ट्री हिल्स के लीज के नवीनीकरण हेतु पुनः आग्रह किया गया। विधायक का स्वागत व ज्ञापन सौंपने वालो में पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी, माधू चांदवानी, नंद दादलानी, मोहन मीरचंदानी, गुलाब जेठानी, राज मनवानी, घनश्याम लालवानी, राम पारदासानी, अनिल टेकचंदानी, दयाल दोलतानी, नरेश पेसवानी, हरीश साधवानी, लख्मीचंद केवलानी, बबलू टेकचंदानी, सीआरपी क्षेत्र के रहवासी हेमंत सावलानी, विजय लेखवानी, मनोहर बेलानी, शैलेन्द्र छतानी, बूलचंद वासवानी, जानकीलाल भारानी, प्रेम पठानी आदि उपस्थित थे।

# विकास दर विश्व को चौकाने वाली होगी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने 'राष्ट्रीय प्रबंधन' दिवस पर पर पूर्व डीजीपी एन. के त्रिपाठी मुख्य वक्ता ने 'परिवर्तन के साथ विकास का प्रबंधन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें त्रिपाठी ने कहा कि भारत की विकास दर आने वाले समय में विश्व को चौकाने वाली होगी। उन्होंने आजादी के पूर्व कि विकास दर आजादी के बाद के आंकड़े और वर्तमान की विकास दर की तुलना करते हुवे भारत के भविष्य के सुनहरे दिनों की अपेक्षा की । त्रिपाठी ने कहा रिफॉर्म, ट्रांसफॉर्म,और परफॉर्म की नीति ने अर्थव्यवस्था में जो तेजी से सुधार हो रहे है वह देश के लिए शुभ संकेत हैं ई गवर्नेंस ने भी प्रबंधन को आसान बनाया है सरकार की कमजोर वर्ग के आर्थिक सहयोग की योजना से भी जीवन स्तर में वृद्धि होती है वह भी देश के आर्थिक दर को बढ़ाती है उन्होंने यह भी कहा कि विकास के साथ मैनेजमेंट के आयाम भी बदले है जिससे देश का भविष्य सुरक्षित दिखाई देता है त्रिपाठी ने श्रोताओं के प्रश्नों का भी उत्तर दिया।

**मेट्रो एंकर** | **साफ-सफाई अभियान**

# संत नगर के विसर्जन घाट पर निरंकारी मिशन ने किया 'स्वच्छ जल-स्वच्छ मन' की शुरूआत

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

एक तरफ जहां देश के प्रधानमंत्री ने रविवार को मन की बात कार्यक्रम में देश के लोगों से चर्चा की। वहीं संत निरंकारी मिशन द्वारा देश भर में स्वच्छ जल स्वच्छ मन कार्यक्रम के तरह साफ सफाई अभियान चलाया।

निरंकारी मिशन द्वारा सतगुरू माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से प्रोजेक्ट अमृत के तहत ÷स्वच्छ जल- स्वच्छ मन÷ परियोजना के दूसरे चरण में निरंकारी मिशन बैरागढ़ द्वारा रविवार को झूलेलाल विसर्जन घाट के सामने गुलाब उद्यान के समीप तालाब किनारे की साफ सफाई कर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। निरंकारी सेवादल के करीब 300 भाई-बहनें और साध संगत निरंकारी सत्संग भवन बैरागढ़ में एकत्रित हुए और यहां से रैली के रूप में बड़े तालाब किनारे पहुंचकर साफ-सफाई की गई। जहां एक ओर युवा संत सफाई कर रहे थे तो दूसरी ओर बाल संत भी सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की सिखलाई अनुसार सेवाओं को अंजाम दे रहे थे। कार्यक्रम में उपस्थित विधायक श्री रामेश्वर शर्मा ने कहा कि संत



निरंकारी मिशन सामाजिक एवं कल्याणकारी गतिविधियों में निरंतर अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए वृक्षारोपण, रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, वननेस वन, पर्यावरणीय मुद्दों के विषय में जागरूकता इत्यादि जैसी योजनाओं को क्रियान्वित रूप में संचालित कर रहा है। निःसंदेह निरंकारी मिशन की ऐसी कल्याणकारी योजनाएं पर्यावरण संरक्षण एवं धरती को सुंदर बनाने हेतु एक प्रशंसनीय एवं सराहनीय कदम है जिस पर चलकर धरती को ओर अधिक स्वच्छ, निर्मल एवं सुंदर बनाया जा सकता है। इन सराहनीय कार्यों के लिए विधायक जी ने निरंकारी मंडल बैरागढ़ को धन्यवाद भी दिया। इस अवसर पर संत निरंकारी मण्डल, बैरागढ़ के संयोजक महेश वीधानी ने बताया कि 'स्वच्छ जल, स्वच्छ मन' के तहत आज समूचे भारतवर्ष के लगभग 1500 से भी अधिक स्थानों के 900 शहरों के 27 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में एक साथ अभियान चलाया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जल निकायों को संरक्षित करने के विकल्पों के विषय में जनमानस को जागृत कर आने वाली पीढ़ियों को एक स्वस्थ भविष्य देना है । उल्लेखनीय है कि बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणात्मक शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए संत निरंकारी मिशन द्वारा स्वच्छता अभियान के उपलक्ष्य में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 'प्रोजेक्ट अमृत' का आरम्भ वर्ष 2023 में किया गया था। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य जल निकायों का संरक्षण, उनकी स्वच्छता एवं स्थानीय जनता के बीच 'जागरूकता अभियान' के माध्यम से उन्हें प्रोत्साहित करना है। इस परियोजना के अंतर्गत संपूर्ण भारतवर्ष के विभिन्न स्थानों के समुद्री तटों, नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं, झरनों इत्यादि जैसे जल निकायों की स्वच्छता पर ध्यान केन्द्रित किया गया और उन स्थलों की सफाई भी की गई। बैरागढ़ में सम्पन्न ÷स्वस्थ जल - स्वस्थ मन÷ अभियान की सुंदर व्यवस्थाएं बैरागढ़ ब्रांच संचालक अशोक नाथानी, संचालिका निशा टेकवानी, शिक्षक विजय कृपलानी, शिक्षिका सुषमा ग्वालानी, सहायक शिक्षक विजय नाथानी सहित सेवादल के भाई - बहनों द्वारा की गई ।

# लोकसभा में 400 सीट जीतना हमारा पहला लक्ष्य- रामेश्वर शर्मा



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी बूथ लेवल पर तैयारी शुरू कर दी है उसी क्रम में आज बैरागढ़ में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा ने नवयुवक सभा स्कूल में भारतीय जनता पार्टी बैरागढ़ मंडल की बैठक आयोजित की गई जिसमें बूथ अध्यक्षों को बुलाया गया बूथ लेवल पर पार्टी को मजबूत करने को लेकर रामेश्वर शर्मा ने कहा कि देशभर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो काम कर रहे हैं उसे घर-घर लोगों को बताना है विधायक रामेश्वर शर्मा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मंडल स्तर पर बैठक की गई इस बार भारतीय जनता पार्टी 400 पर का नारा लेकर घर-घर जा रही है बैठक में भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत ,विकास मरण, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंदू इसरानी सहित पार्टी के सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भोपाल में बोले शाह

# जनादेश को जातिवाद व परिवारवाद से प्रभावित होने से बचाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने प्रबुद्धजन सम्मेलन में कहा कि देश का जनादेश जातिवाद, तुष्टिकरण, परिवारवाद या भ्रष्टाचार से प्रभावित नहीं होना चाहिए। आज देश में दो खेमे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नेतृतव में देशभक्तों का संगठन है तो दूसरी तरफ सात परिवारों का घमंडिया गठबंधन है, जो कि ये मानते हैं कि बड़े परिवार में जन्म लेने वाले ही प्रधानमंत्री बन सकते हैं। जो केवल अपने परिवार का हित साध सकते हैं। शाह ने कहा कि वे भारत को विश्व में सम्मान नहीं दिला सकते हैं। भारत को केवल वही सम्मान दिला सकता है जो अपने जीवन का कण - कण देश को समर्पित कर सकता है। भाजपा जैसी कोई दूसरी पार्टी नहीं है। विश्व की 40 प्रतिशत आबादी चुनाव में पहुंच रही है, कई देशों में इस वर्ष चुनाव हो रहे हैं। इस वर्ष 100 करोड़ के मतदाता का संघ इस वर्ष भारत को सत्ता सौपेगा।

शाह ने कहा- भाजपा जब से जनसंघ के रूप में बनी है, शुरुआत से ही हमने चुनाव को सत्ता प्राप्ति का साधन नहीं माना बल्कि लोकतंत्र का उत्सव और जनसंपर्क का जरिया माना है। चुनाव हमारे लिए हमारे सिद्धांतों को जनता तक पहुंचाने का जरिया है। चुनाव हमारे कामों के हिसाब-किताब देने का जरिया है। आप सभी प्रबुद्धजनों की जिम्मेदारी जनमत बनाने की है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बीते 10 साल में इन चार बुराईयों को समाप्त कर पालिटिक्स आफ परफार्मेंस की स्थापना की है।






**शाह की रिक्वेस्ट...**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भोपाल में राष्ट्रोदय विषय पर वृहद् प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मैं आज आपको रिक्वेस्ट करने आया हूं, इस बार एक सीट की कमी मत रखिए, 29 की 29 सीटें मोदी की झोली में डाल दीजिए। प्रबुद्धजन सिर्फ मत नहीं देते, जनमत का निर्माण करते हैं इसलिए भाजपा का समर्थन करें।

# बदलाव: 5वीं 8वीं की परीक्षा में हर जिले के लिए अलग-अलग पेपर तैयार

## दसवीं और बारहवीं कक्षा में भी नई व्यवस्था लागू करने पर हो रहा विचार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।** प्रदेश के स्कूलों में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने के लिए लगातार नए बदलाव किए जा रहे हैं। 5वीं 8वीं और 10वीं 12वीं की परीक्षा के पैटर्न में बदलाव करने के बाद अब पेपर लीक के मामलों से निपटने के लिए स्कूल शिक्षा विभाग ने नई व्यवस्था लागू की है। जिसके तहत हर जिले के अलग-अलग प्रश्नपत्र तैयार किए गए हैं। फिलहाल यह व्यवस्था 5वीं 8वीं की परीक्षा के लिए है, लेकिन इसे अब 10वीं 12वीं की परीक्षाओं में लागू करने पर विचार किया जा रहा है।




### 6 मार्च से 5वीं और 8वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं

प्रदेश सरकारी, निजी स्कूलों सहित मदरसों में 6 मार्च से 5वीं और 8वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो जाएंगी। बोर्ड पैटर्न पर आयोजित इन परीक्षाओं को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। प्रदेश के सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 24 लाख विद्यार्थी 12 हजार से अधिक परीक्षा केंद्र पर शामिल होंगे। पांचवीं व आठवीं का पहला पेपर प्रथम भाषा–हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू व मराठी का होगा। दोनों परीक्षाएं सुबह नौ बजे से दोपहर 11.30 बजे तक चलेंगी। विद्यार्थियों को सुबह आठ बजे से ही परीक्षा केंद्र पर पहुंचना होगा। भोपाल जिले में 201 केंद्रों पर 78 हजार बच्चे शामिल होंगे।

### आज 10वीं का सामा. विज्ञान का पेपर

माध्यमिक शिक्षा मण्डल की कक्षा दसवीं–बारहवीं की परीक्षाएं जारी हैं। सोमवार को दसवीं का सामाजिक विज्ञान का पेपर आयोजित हुआ। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी जांच के बाद विद्यार्थियों को प्रवेश दिया गया।

### अपने स्कूल में परीक्षा नहीं दे सकेंगे छात्र

पांचवीं एवं आठवीं कक्षा की परीक्षा 6 मार्च से शुरू होकर 14 मार्च तक चलेंगी। राज्य शिक्षा केंद्र (आएसके) द्वारा परीक्षा के लिए 3 हजार से अधिक परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। दोनों कक्षाओं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जाएंगी। छात्र–छात्राओं को परीक्षा देने के लिए दूसरे स्कूलों में जाना होगा। यह विद्यार्थी अपने स्कूल में परीक्षा नहीं दे सकेंगे। परीक्षा का समय सुबह 9 से 11.30 बजे तक रहेगा। पहला पेपर 6 मार्च को हिंदी, अंग्रेजी, मराठी और उर्दू का होगा।

### अब 9वीं और 11वीं के प्रश्न पत्र भी थाने में रखे गए




लोक शिक्षण संचालनालय की कक्षा 9 वीं और 11 वीं की वार्षिक परीक्षाएं 6 मार्च से शुरू होंगी। इन कक्षाओं की परीक्षा के लिए पेपर मप्र राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा परिषद द्वारा तैयार किए गए हैं। जो जिला शिक्षा अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराए जाएंगे। यह परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर ली जाएंगी खास बात यह है की पहली बार परीक्षा के प्रश्न पत्र भी 10वीं 12वीं कक्षा की तरह ही थानों में रखे गए हैं। ऐसा पहली बार हुआ है जब नौवीं और ग्यारहवी के प्रश्न पत्र थानों में रखे गए हैं इतना ही नहीं इनकी मार्किंग भी बोर्ड परीक्षा की तरह ही होगी। विद्यार्थियों को समय से आधा घंटे पहले परीक्षा कक्ष में पहुंचना होगा। यह परीक्षाएं 23 मार्च तक आयोजित की जाएंगी। बताया जाता है कि मंडल की अंक योजना के तहत 11 वीं अंग्रेजी का पेपर 80 नंबर का होगा और तीन घंटे में हल करना होगा। इसके अंतर्गत चार भाग ए, बी, सी और डी शामिल हैं। उपखंड ए डीलरशिप पर आधारित होगा। यह 14 नंबर का है। संचालनालय द्वारा जारी समय-सारिणी में 9वीं कक्षा का पहला पेपर हिंदी और 11वीं का पहला पेपर राजनीति शास्त्र का रहेगा। 11 की परीक्षाएं सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होंगी। वहीं 9वीं की परीक्षाओं का समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक रहेगा।

# कार्यकर्ताओं का मनोबल मजबूत करने पर पटवारी का जोर



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने पार्टी पदाधिकारियों, प्रवक्ताओं व संभागीय प्रवक्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव, भारत जोड़ो न्याय यात्रा, संगठनात्मक गतिविधियों के साथ साथ मीडिया में पुरजोर तरीके से अपना पक्ष रखने संबंधी विभिन्न मुद्दों बैठक कर चर्चा की।

पटवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी विषम परिस्थितियों के दौर से गुजर रही है। वहीं भारतीय जनता पार्टी ने जिस प्रकार से विभिन्न हथकंडों को अपनाकर सरकार बना ली, उससे पार्टी के लाखों-करोड़ों कार्यकर्ताओं का मनोबल टूटा हैं, वहीं दूसरी और प्रदेश की जनता भी इस बात को जरा भी समझ नहीं पा रही है कि विधानसभा चुनाव के जो परिणाम आये हैं वह भाजपा के इतने पक्ष में कैसे आए। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव हो चुके हैं, लेकिन पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता का मनोबल मजबूत करने की जबावदारी सभी की है।

### कल से सघन दौरा

पटवारी कल से 1 मार्च तक मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, धार और उज्जैन जिलों का दौरा कर राहुल गांधी की मप्र में दाख?लि हो रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा की तैयारियों के संबंध में इन जिलों के कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से साथ समीक्षा करेंगे। पटवारी कल मुरैना से यात्रा तौरियों की समीक्षा की शुरआत करेंगे। शाम को वे ग्वालियर पहुंचेगे।

### आरजीपीवी का दीक्षांत स्थगित, 28 को होना था कार्यक्रम

भोपाल.राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) का 28 फरवरी को होने वाला दीक्षांत समारोह स्थगित कर दिया गया है। प्रबंधन ने इस संबंध में नोटिस जारी कर जल्द ही नई तारीख तय करने की बात कही है। विश्वविद्यालय के करोड़ों रुपए निजी खाते में डाल जाने का मामला गरमाया हुआ है। कुलपति प्रो. सुनील कुमार को छुट्टी पर भेज दिया है। वहीं कुलसचिव प्रो. आरएस राजपूत को पद से हटा दिया गया है। शासन द्वारा मामले की जांच स्पेशल कमेटी से करवाई जा रही है। इन हालातों में विवि की स्थिती चरमरा गई है, इस वजह से समारोह स्थगित किया गया है ।

**मेट्रो एंकर** | **वन विभाग ने 2000 क्विंटल महुआ खरीदने का किया था समझौता**

# मप्र की महुआ क्रांति पर सवाल, अनुबंध भी अटका, विदेशी फर्म कर रही आनाकानी

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

वन विभाग की महुआ क्रांति पर अब सवाल उठने लगे हैं। विभगा ने 2000 क्विंटल महुआ खरीदने का समझौता किया था, अब वहीं फर्म राज्य से महुआ यूके ले जाने में आनाकानी कर रही है। यहीं नहीं, कंपनी द्वारा क्रय किया गया महुआ नागपुर के गोडाउन में डंप बताया जा रहा है। महुआ व्यापार को लेकर लघु वनोपज संघ का विदेशी फर्म से हुआ व्यापारिक अनुबंध भी टूटता नजर आ रहा है। माना जा रही है कि इसीके चलते नया अनुबंध भी नहीं हो पाया है।



उल्लेखनीय है कि यूके की कंपनी ओ फॉरेस्ट ने लघु वनोपज संघ से 2000 क्विंटल महुआ 100 प्रति किलोग्राम की दर से खरीदने का समझौता किया था। इनमें से 680 क्विंटल महुआ ओ फॉरेस्ट ने 110 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से भुगतान कर उमरिया जिला यूनियन और अलीराजपुर जिला यूनियन से परिवहन कर नागपुर के गोदाम में स्टोर कर दिया है। उमरिया और अलीराजपुर के जिला यूनियन के प्रबंध संचालक और डीएफओ ने ओ फॉरेस्ट से प्राप्त राशि महुआ संग्राहकों में बांट दिए है। बताया जा रहा है कि वहां की बिजनेस पॉलिसी के तहत अब कंपनी को महुआ को यूके ले जाने के लिए कुछ प्रमाण पत्र की आवश्यकता पड़ रही है। कंपनी महुआ के ऑर्गेनिक होने, केमिकल रहित और भारत में महुआ को खाने के लिए उपयोग करते है। यानी महुआ के फूड ग्रेड होने का सर्टिफिकेट की मांग संघ के अधिकारियों से की जा रही है। साल में औसतन दो क्विंटल तक महुआ बीना जाता है। महुआ संग्रहण का 50 प्रतिशत उमरिया, अलीराजपुर, सीधी, सिंगरौली, डिंडोरी, मंडला, शहडोल और बैतूल जिलों से होता है।

### ब्रांडिंग पर लाखों किए खर्च

बताया जाता है कि संघ ने महुआ की ब्रांडिंग पर लाखों रुपए खर्च कर दिए थे। इसके लिए एक दिन का वर्कशॉप किया गया। इसमें गोवा, गुजरात सहित एनआरआई बिजनेसमैन और व्यापारियों ने हिस्सा लिया था। वर्कशॉप में बताया गया कि महुआ के अंतरराष्ट्रीय बाजार में जाने से जनजातीय परिवारों को अच्छी कीमत मिलेगी। ज्ञात हो कि प्रदेश में महुआ का समर्थन मूल्य 35 रुपये किलो है। जबकि यूरोप में महुआ की खपत होने से उन्हें 100 से 110 रुपये प्रति किलो का मूल्य मिलेगा। प्रदेश में महुआ बहुतायत में होता है। एक मौसम में करीब 7 लाख 55 हजार क्विंटल तक मिल जाता है। महुआ जनजातीय समाज के लिए अमृत फल है. महुआ लड्डू और । देशी हेरिटेज मदिरा उनके पारंपरिक व्यंजन हैं।

**यात्रियों को होगी सहूलियतें**

# मप्र में चल रही 77 हजार करोड़ रुपए की 32 रेल परियोजनाएं

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**



भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों ने दावा किया है कि मंडल में तकनीकी का उपयोग कर रेल यात्रियों की यात्रा को बेहतर बनाया है। इसमें लगातार सुधार कर रहे हैं। डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने मंडल में किए जा रहे कामों को मीडिया के साथ साझा किया है। जिसमें बताया कि प्रदेश में फिलहाल 77,800 करोड़ रुपए से अधिक की लगभग 32 रेलवे परियोजनाओं का कार्य प्रगति पर है। इस बार के बजट में मध्य प्रदेश राज्य को 15,143 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड आवंटन मिला है और 80 स्टेशनों को विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशनों के रूप में विकसित करने की योजना बनाई गई है।

**प्रदेश में इन परियोजनाओं पर चल रहा काम:** 'अमृत भारत स्टेशन' स्कीम के तहत मध्य प्रदेश के 34 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास किया गया। जिसमे भोपाल मंडल के 11 स्टेशनों- इटारसी जंक्शन (29.9 करोड़), गुना (28.5 करोड़), गंजबासौदा (21.3 करोड़), संत हिरदाराम नगर (21.2 करोड़), ब्यावरा राजगढ़ (20.3 करोड़), शिवपुरी (20.1 करोड़), रुठियाई (19.8 करोड़), बानापुरा (19.1 करोड़), विदिशा (18.6 करोड़), नर्मदापुरम (18.4 करोड़), हरदा (18.0 करोड़) सहित कुल 235.2 करोड़ की लागत से पुनर्विकास कार्य तीव्र गति से चल रहा है। 550 रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास एवं 1500 रेल फ्लाई ओवरों/अंडर पासों के शिलान्यास/उद्घाटन/राष्ट्र को समर्पण किया जा रहा है। जिसमें भोपाल मंडल के 5 स्टेशन, 4 रोड ओवर ब्रिज एवं 2 अंडरपास शामिल हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चयनित 5 स्टेशनों (खिरकिया, सांची, बीना, अशोकनगर, शाजापुर) पर कुल 234.29 करोड़ रुपये की लागत से विकास/उन्नयन कार्य किये जाने हैं। 4 आरओबी के निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किया जा रहा है, जिसमें ओबेदुल्लागंज-इटायकला के मध्य लेवल क्रोसिंग गेट (बिशनखेड़ा गेट) नम्बर-241 (37.65 करोड़), सलामतपुर के पास स्थित लेवल क्रोसिंग गेट (बदकपुर-गुलगांव) नम्बर-265 (19.77 करोड़), सोराई यार्ड के पास लेवल क्रोसिंग गेट (सोराई फाटक) नम्बर-273 (22.24 करोड़) एवं कल्हार यार्ड के पास लेवल क्रोसिंग गेट (चिन्नोटा फाटक) नम्बर-297 (18.23 करोड़) के पास आरओबी का निर्माण किया जाना है।

**ये सुविधाएं मिलेंगी :** चयनित स्टेशनों पर स्टेशन भवन का पुनर्निर्माण/सुधार/भवन का विकास होगा, स्थानीय कला और संस्कृति के तत्वों के साथ स्टेशन का आंतरिक सौंदर्यीकरण, सर्कुलेटिंग एरिया का सौंदर्यीकरण एवं विकास, हाई लेवल प्लेटफार्म का प्रावधान, स्टेशन पहुंच मार्ग के लिए नई सड़कों, पैदल पथ, साइकिल पथ, स्काईवाक एवं पुल आदि के निर्माण सहित सुगम यातायात की सुविधा होगी।

**सुविचार**

भरोसा रखें..
हम जब कहीं किसी का
अच्छा कर रहे होते हैं,
तब हमारे लिए भी कहीं
कुछ अच्छा हो रहा होता है
-अज्ञात

## संपादकीय

# लड़ाई अभी खत्म नहीं

*छह महीने से पक रही विपक्षी दलों के गठबंधन की खिचड़ी अब आकार में नजर आने लगी है। हालांकि कुछ ही दिनों पहले तक लग रहा था कि यह गठबंधन आकार नहीं ले सकेगा। कुछ तो इसकी वजहें विपक्षी दलों के नेताओं के बीच समन्वय नहीं बनने और कुछ इनके आपसी मतभेद थीं और कुछ सत्ताधारी भाजपा का प्रचार भी था। बहरहांल बनने से पहले ही बिखर जाने की अटकलों और आशंकाओं के बीच इंडिया गठबंधन के लिए पहले यूपी और फिर दिल्ली से कुछ अच्छी खबर सामने आई हैं। समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी से सीट बंटवारे पर बनी सहमति ने एक बार फिर विपक्षी दलों और उनसे जुड़े कार्यकर्ताओं को यह दावा करने का मौका दे दिया है कि 2024 की लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और वे सत्तारूढ़ गठबंधन के लिए कड़ी चुनौती पेश करने का माद्दा रखते हैं।*

*हालांकि पिछले कुछ समय से इंडिया को कई झटके लगे। पहले तो कांग्रेस ने ही पिछले साल दिसंबर के विधानसभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद में गठबंधन से जुड़ी बातचीत को ठंडे बस्ते में डाल दिया। बातचीत शुरू भी हुई तो नेताओं में न तो पहले जैसा जोश दिखा और न वैसी केमिस्ट्री महसूस हुई। फिर गठबंधन के प्रस्ताव पर सबसे बढ़-चढ़कर काम करने वाले और सूत्रधार की भूमिका निभा रहे बिहार के सीएम नीतीश कुमार ही उसे छोड़ गए। यूपी में आरएलडी के जयंत चौधरी भी इंडिया के बजाए एनडीए में शामिल हो गए। इस बीच छोटे-बड़े नेताओं के कांग्रेस छोड़ने का सिलसिला भी तेज हुआ। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण का नाम खास तौर पर चर्चित रहा। इसे चाहे इन नेताओं का व्यक्तिगत अवसरवाद कहें या भाजपा नेतृत्व की सक्रियता, यह तो तय है कि इन नेताओं को कांग्रेस का भविष्य खास अच्छा नहीं दिख रहा। इन सभी घटनाक्रमों के बीच कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की अगली कड़ी के रूप में भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू कर रखी है और करीब आधी दूरी वे तय भी कर चुके हैं। कांग्रेस ने इस यात्रा से उम्मीदें भी काफी लगा रखी हैं, लेकिन अब तक की स्थितियों को देखते हुए इसे पिछली यात्रा जैसी कामयाब नहीं कहा जा सकता। इससे जिस तरह की ऊर्जा पैदा होने की उम्मीद की जा रही थी, उसमें एक बड़ी बाधा इंडिया गठबंधन से जुड़े दलों में एकजुटता लाने में हुई देरी भी साबित हुई। इस वजह से विपक्षी एकजुटता के समर्थकों में समय पर उत्साह का संचार नहीं हो पाया। मगर अभी भी वक्त हाथ से पूरी तरह निकला नहीं है। जिस तरह से समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के साथ यूपी और दिल्ली के बाहर भी सीटों के बंटवारे पर सहमति बनी है, उसे देखकर लगता है कि दोनों पक्ष खुलेपन का परिचय दे रहे हैं। अगर महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड जैसे अन्य राज्यों में भी इसी तरह की आपसी समझ बनी और सहजता से गठबंधन में सामंजस्य बना तो आगामी लोकसभा चुनाव में अच्छा मुकाबला दिख सकता है। गठबंधन के दलों को अहसास है कि उनका मुकाबला उस भाजपा से होने जा रहा है,जिसके पास बेहतरीन चुनाव मशीनरी है और चेहरे हैं तथा उसकी सक्रियता काफी समय से जिस तरह नजर आ रही है,वह गठबंधन को सहज स्थितियों का इशारा नहीं करतीं।*

## आज का इतिहास

- 1594 - हेनरी चतुर्थ फ्रांस का राजा बने।
- 1700 - विलियम डैम्पियर द्वारा पश्चिमी प्रशांत में नए ब्रिटेन के द्वीप की खोज की गई।
- 1816 - डचों ने नेपोलियन की हार के बाद फ्रांस से पुनः सुरीनाम वापस ले लिया।
- 1829 - तारकी की लड़ाई हुई थी।
- 1870 - जापान के वर्तमान झंडे को पहली बार जापानी व्यापारी जहाजों के लिए राष्ट्रीय ध्वज के रूप में अपनाया गया था।
- 1874 - पहली बार बेसबॉल लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड में खेला गया।
- 1900 - एफसी बेयर्न म्यूनिख, जर्मनी का सबसे सफल फुटबॉल क्लब, फ्रांज जॉन के नेतृत्व में ग्यारह खिलाड़ियों द्वारा किया गया था।
- 1902 - अमेरिकी लेखक जॉन स्टाइनबेक का जन्म हुआ था।
- 1921 - वियना में इंटरनेशनल वर्किंग यूनियन ऑफ सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना हुई थी।
- 1933 - बर्लिन की रीचस्टैग इमारत, जर्मन संसद की विधानसभा स्थिति, जर्मनी में नाजी शासन की स्थापना में एक महत्वपूर्ण घटना (चित्र), आग लगा दी गई थी।
- 1943 - भारतीय राजनीतिज्ञ बी. एस. येदुरप्पा का जन्म हुआ था।
- 1951 - अमेरिकी संविधान में 22वें संशोधन के तहत राष्ट्रपति के लिए दो कार्यकाल सीमित किये गये थे।
- 1956 - लोकसभा के पहले स्पीकर जी. वी. मावलंकर का निधन हुआ था।
- 1982 - गिल्बर्ट और सुलिवन के सावॉय ओपेरा के प्रदर्शन के लिए जानी जाने वाली डी ऑली कार्टे ओपेरा कंपनी ने अपना अंतिम प्रदर्शन किया था।
- 1995 - उत्तरी इराक के जाखो में एक कार बम विस्फोट में लगभग 54 लोग मारे गये थे।
- 1996 - मीडिया फ्रैंचाइजी पोकेमॉन को वीडियो गेम पॉकेट मॉन्स्टर्स आका और मिडोरी के पहले संस्करण के साथ लॉन्च किया गया था।
- 1997 - जमैका में एक पुलिस वाले की अवज्ञा करने के लिए प्रसिद्ध गायक साडे (हेलेन फ़ोसाद) को गिरफ्तार किया गया।
- 1998 - सबसे संदिग्ध सीरियल किलर टोनी रे को एफबीआई ने गिरफ्तार किया था।
- 2004 - फिलीपीन्स में एक आतंकवादी ने एक नाव को बम से उडा दिया जिसमें 116 लोग मारे गये थे।
- 2010 - गर्भाधान चिली के पास 8.8 तीव्रता के भूकंप के बाद के रूप में एक सुनामी चेतावनी चिली में लागू हुई।
- 2011 - 1970 का प्रस्ताव संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा अपनाया गया है, मुअम्मर अल-गद्दाफी के शासन पर प्रतिबंध लगाता है।

## निशाना

### हो गई है घोषणा!



- कृष्णेन्द्र राय

*ना ना करते करते ।*
*आ ही गए साथ ।।*
*हो गई है घोषणा ।*
*पकड़ लिए अब हाथ ।।*
*है करनी तैयारी ।*
*बन गई है बात ।।*
*बन रही रणनीति ।*
*नहीं है करना घात ।।*
*और भी अभी आगे ।*
*हो सकता खुलासा ।।*
*मिलनी तय ख़बर ।*
*प्राप्त हुई दिलासा ।।*
*लाई कोशिश रंग ।*
*दिल से इसे निभाना ।।*
*है लोगों का काम ।*
*मारने दो ताना ।।*

# राहुल गांधी के भटकाव से गड़बड़ाती राजनीतिक यात्रा

**आलोक मेहता**



राहुल गांधी को सवाल करना पसंद है या सवाल सुनना? वह राजनीतिक मंजिल के लक्ष्य से पहले राह और पद क्यों बदल लेते हैं ? इस तरह की बातों पर राहुल गांधी द्वारा बहुत पहले कही गई बात ध्यान में आती है । असल में उनको दिल्ली के प्रतिष्ठित स्टीफंस कॉलेज में स्पोर्ट्स कोटे में 1989 में प्रवेश मिला था । लेकिन एक वर्ष तीन महीने में उन्होंने कॉलेज छोड़ दिया । राहुल ने स्वयं यह बताया कि 'स्टीफंस कॉलेज में उन्हें सवाल पूछने के मौके नहीं दिए जाते थे , यह मुझे नागवार लगा '। जबकि कॉलेज के प्रिंसिपल वैसों थम्पू ने राहुल के इस आरोप को गलत बताया । उनका कहना था कि 'कॉलेज में तो 36 क्लब और फोरम रही हैं । राहुल तो किसी में हिस्सा नहीं लेते थे और केवल खेल की गतिविधि में रूचि ले रहे थे । ' बहरहाल फिर परिवार ने राहुल को अमेरिका की हारवर्ड यूनिवर्सिटी में इकोनॉमिक्स विभाग में भर्ती करवाया । लेकिन एक साल बाद उन्होंने फिर कॉलेज बदला और फ्लोरिडा के रोह्लिंस कॉलेज में प्रवेश लिया , जहाँ से राहुल गांधी ने इंटरनेशनल रिलेशन्स की स्नातक डिग्री ली । बाद में वह ब्रिटैन के कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के ट्रिनिटी कॉलेज में कानून की पढाई करने गए । आजकल इसी कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी में कुछ संस्थाओं के प्रायोजित कार्यक्रमों में चुनावों से पहले भाषण देने जाते हैं और भारत में लोकतंत्र के लिए खतरों के साथ अपने राजनीतिक प्रयासों को चुनिंदा श्रोताओं को सुनाते हैं । इस फरवरी माह के अंतिम दिनों में अपनी भारत न्याय यात्रा को रोककर वहीं भाषण देने जा रहे हैं ।

लोकतंत्र में राहुल गाँधी को भारत या देश के बाहर कहीं भी जाकर अपनी बात कहने का अधिकार है । लेकिन भारत में उनसे जब पत्रकार सवाल पूछते हैं , तो वह कई बार गुस्से में स्वयं सवाल करते हैं - 'आपका क्या नाम है ? आपके मालिक का नाम क्या है ? आपमें कौन पिछड़ी या दलित जाति के हैं ? मोदी सरकार में कितने सचिव पिछड़ी जाति के हैं ?' पता नहीं उनसे किसी कॉलेज या कांग्रेस पार्टी अथवा विदेशों में किसी ने उनसे उनकी जाति या उनके वरिष्ठ नेताओं डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद से लेकर डॉक्टर शंकर दयाल शर्मा , प्रणव मुखर्जी , मोतीलाल वोरा या वर्तमान सलाहकार जयराम रमेश , के वेणुगोपाल , रणदीप सुरजेवाला , सचिन राव , कनिष्क सिंह आदि की जाति पूछी हो ? राहुल गाँधी ने नेहरू द्वारा स्थापित नेशनल हेराल्ड नवजीवन अख़बारों की कम्पनी को अपनी नव स्थापित यंग इण्डिया में मिला लिया और उसकी संपत्ति आदि को लेकर क़ानूनी विवाद अदालत में चल रहे हैं , लेकिन क्या उन्होंने इन अख़बारों के पूर्व और वर्तमान सम्पादकों की सूची भी देखी है ? कितने पिछड़े वर्ग की जाति के थे और अब भी हैं? जो भी है किसी योग्यता के आधार पर हैं । जो भी हो राहुल गांधी को चुनावी राजनीति के लिए पिछड़े वर्ग की जातियों की नौकरियों और उन्हे आरक्षण का लाभ दिलाना आवश्यक लग रहा है । यही नहीं जो कांग्रेस पार्टी दशकों तक बिहार के लालू यादव की पार्टी या उत्तर प्रदेश की मुलायम अखिलेश यादव की पार्टी और सरकारों के भ्रष्टाचार को लेकर लड़ती रही , अब उनके सहारे अपने कुछ चुनाव क्षेत्रों में सफलता की इज्जत बचाने के लिए गठबंधन कर रही है । राहुल स्वयं सबसे अपनापन दिखा रहे हैं । लालू यादव को चुनावी राजनीति के लिए मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लाए गए क़ानूनी प्रस्ताव को राहुल गाँधी ने पत्रकार सम्मेलन में फाड़कर अपने प्रधान मंत्री की इज्जत ख़राब कर दी थी ।

यों राहुल गाँधी को किशोर - युवा प्रारंभिक काल में पिस्तौल शूटिंग , बॉक्सिंग और पैरा ग्लाइडिंग का शौक रहा है , जिनमें फुर्ती से पैंतरा बदलना या उड़ान भरना होता है । लेकिन राजनीतिक जीवन में इस तरह के बदलाव या भटकाव अधिक लाभदायक साबित हो सकते हैं । राजीव गाँधी और कांग्रेस से विद्रोह कर प्रधान मंत्री बनने वाले विश्वनाथ प्रताप सिंह मंडल आयोग की सिफारिशें लागू करने और पिछड़ों को आरक्षण के मसीहा बनने की कोशिश के बाद कितने वर्ष सत्ता में रह सके? बिहार और उत्तर प्रदेश में यादव परिवार या मायावती पिछड़े दलित वोट बैंक से हाल के वर्षों में कितना लाभ पा रहे हैं ? आख़िरकार , राजनैतिक दलों को सभी वर्गों , जातियों , सम्प्रदायों के सामजिक आर्थिक विकास के कार्यक्रमों और उनके क्रियान्वयन के आधार पर वोट मिलते हैं ।




जहाँ तक पिछड़ों के आरक्षण की बात है , पहले प्रधान मंत्री पंडित नेहरु तो प्राम्भिक वर्षों में भी जातीय जन गणना के पक्ष में नहीं थे । इंदिरा गाँधी भी जातीय आधार पर आरक्षण के पक्ष में नहीं रही । राहुल गाँधी के पिता श्री और तत्कालीन प्रधान मंत्री राजीव गांधी आरक्षण के प्रावधानों को बढ़ाने के बहुत विरोधी थे । सत्ता में रहते हुए 2 मार्च 1985 को एक लम्बे इंटरव्यू में मुझसे कहा था - ' मैं यह मनाता हूँ कि आरक्षण की पूरी नीति पर ही नए सिरे से विचार होना चाहिए । सामाजिक समस्या के समाधान के लिए पैतीस वर्ष पहले यह व्यवस्था की गई थी । अब उसका राजनीतिकरण हो गया । अल्पकालीन राजनीतिक उद्देश्य के लिए इसका उपयोग हो रहा है ।हमारा समाज बहुत बदल गया है । समाज में बहुत बदलाव आया है । तरक्की हुई है । शिखा का विकास हुआ है । इसलिए समय आ गया है कि इस नीति और सुविधाओं पर पुनः विचार करना है । हमें वास्तविक दबे पिछड़ों को के लिए आरक्षण रखना होगा , लेकिन यदि इसका विस्तार होगा तो योग्य लोग कहीं नहीं आ पाएंगे । हम अति सामान्य बुद्धू लोगों को बढ़ा रहे होंगें । ' इस तीखी बात के साथ यह इंटरव्यू देश के प्रमुख अख़बार नव भारत टाइम्स में प्रमुखता के साथ छपा था । राहुल उस समय मास्टर राहुल के रूप में उनके साथ यात्रा भी करते थे । तब शायद यह बातें सुन समझ न सके हों , लेकिन बीस वर्ष पहले राजनीति में आने के बाद अपने परिवार और पार्टी के विचारों को कुछ तो जान समझ सके होंगे । यही बात बड़े पूंजीपतियों के नाम लेकर माओवादी कम्युनिस्ट नेताओं की तरह वर्तमान सरकार पर पक्षपात का आरोप लगाते समय यह कैसे भूल जाते हैं कि राजीव गाँधी , नरसिम्हा राव , मनमोहन सिंह के सत्ताकाल में इन्ही पूंजीपतियों और उनकी कंपनियों का विस्तार और लाभ हुआ है । प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने दस वर्षों के दौरान देशी विदेशी पूंजी निवेश करवाने के प्रयास से आर्थिक प्रगति के असाधारण रास्ते खोल दिए हैं । मोदी सरकार और भाजपा की नीतियों और कार्यों का विरोध करने का अधिकार राहुल गांधी सहित किसी भी नेता या पार्टी संगठन को है । लेकिन अपने दामन और पुराने रिकॉर्ड पर भी ध्यान देना चाहिए ।

# मर्यादा से निभाएं माननीय अपना दायित्व

**सुरेश सेठ**

भारतीय इस बात पर गर्वित होते हैं कि भारत में दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। अभी हाल ही में 17वीं लोकसभा का सत्रावसान भी हो गया। इसके बाद देश में आम चुनाव होंगे और 18वीं लोकसभा अपना पदभार संभालेगी। बेशक पहली फरवरी को वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने देश का अंतरिम बजट पेश कर दिया लेकिन वहीं चौंकाने वाली घोषणाओं से परहेज किया गया। अब देश के जनमानस को जुलाई मास का इंतजार शिद्दत से रहेगा कि नई सरकार नया बजट क्या पेश करती है और इसके द्वारा भारत की विकास यात्रा कितनी द्रुत गति से हो पाती है।

वहीं देशभर में चुनावी समर तो शुरू हो ही गया है। विपक्षी कांग्रेस द्वारा भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली जा रही है। वहां मोदी जी विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाल रहे हैं। वे अपने कार्यों व उपलब्धियों का लेखा-जोखा जनता के सामने रख रहे हैं। अभी संसद के बीते सत्र में मोदी सरकार के श्वेत पत्र को विपक्ष के स्याह पत्र के साथ पंजा लड़ाते हुए भी देखा गया। जहां राजग सरकार द्वारा प्रस्तुत श्वेत पत्र को यह कहा गया था कि पिछली कांग्रेस सरकार की आर्थिक नीतियों ने जहां देश की अर्थव्यवस्था को पंगु बना दिया था, साथ ही यह भी दावा किया गया कि देश में जो तरक्की हुई वह मोदी सरकार की दो पारियों में हुई। जबकि स्याह पत्र में विपक्षी यह कहते रहे कि जो बीत गया, उसके तुलनात्मक अध्ययन में अपने पूर्वाग्रही निष्कर्षों को छोड़कर अगर सरकार देश को दरपेश महंगाई, बेकारी और बेरोजगारी की समस्या से जूझने का पत्र पेश करती तो शायद यह अधिक समीचीन होता। विपक्ष वास्तविकता को सामने लाने की बात करता रहा है।

इस बात को छोड़कर अगर हम लोकसभा के इस सत्र का आकलन करें तो लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला का कहना अतिशयोक्ति न माना जाएगा कि लोकसभा ने 97 फीसदी उत्पादकता के साथ काम किया है। लेकिन लोकसभा के लगभग सभी सत्र कोलाहल भरे और हंगामाखेज भी रहे। चिंतन, मनन और सार्थक विचारों का आदान-प्रदान तो नहीं हुआ लेकिन हर सत्र में सरकार ने अपनी बहुसंख्या के बल पर दरपेश विधेयक पास करवा लिए। संसद के आखिरी सत्र के आखिरी दिन मोदी जी ने बहुत कुछ साफ-साफ बातें कहीं। लोकसभा के कुल कामकाज को देखते हैं तो 221 विधेयक इसमें पास हुए नजर आए हैं।निस्संदेह, ये लोकसभा नौजवान और शिक्षित लोकसभा थी।



इसकी औसत आयु 54 वर्ष थी और इसके 400 सदस्य स्नातक थे। 207 सदस्य पहली बार चुनकर आए। संसद को नया संसद भवन मिला और मिलते ही संसद की सुरक्षा में चूक हो गई। आतंकी हमले की बरसी वाले दिन ही दो लोग लोकसभा में घुस आए। इस पर खूब हंगामा हुआ। वहीं 100 से ज्यादा सांसदों का निलंबन एक ऐतिहासिक घटना थी।

अब 18वीं लोकसभा गठित होगी। भारतीय लोकतंत्र के लिये शुभ इसी में है कि इसके माहौल, कामकाज और चुनकर आने वाले सदस्यों के दायित्व में बदलाव देखा जाए। अभी तक परंपरा रही है कि संसद का सत्र शुरू होने से पहले सभी पार्टियों की बैठक होती थी, जिसमें यह फैसला किया जाता कि फालतू का कोलाहल नहीं होगा। गंभीर विचार-विमर्श होगा और देश को विकास मार्ग पर चलने के लिए सही दिशा पकड़ने का सुभीता भी लोकसभा का सत्र देगा। लेकिन किसी भी सत्र में ऐसा न हो सका। कभी अडानी पर जांच की बात, कभी चीनी घुसपैठ का झंझट और कभी जातीय जनगणना को लेकर उठापटक होती रही। राम की महिमा के बारे में जो आखिरी दिन संसद के सत्र का विस्तार हुआ, वहां भी राजनीतिक उठापटक नजर आई। आजकल संसद की कार्यवाही का लाइव प्रसारण होता है। सांसदों का यह व्यवहार और लोकसभा या राज्यसभा के स्पीकर द्वारा डांट-फटकार आम जनता को बहुत शोभनीय नहीं लगती। आखिरी दिन भी राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को भारत रत्न की घोषणाओं पर विपक्षी दलों की चीखो-पुकार के बारे में सख्त रुख अपनाना पड़ा।

इसीलिए अब जब अगले आम चुनावों के बाद 18वीं लोकसभा का गठन होगा तो कुछ बातों के बारे में सत्तापक्षी और विपक्षी सांसदों को सचेत होना पड़ेगा। पहली बात तो यह है कि देश के सामने खड़ी गंभीर समस्याओं पर गंभीर चर्चा कब होगी? नारेबाजी, विरोध, आंकड़ेबाजी और उनके मिथ्या होने के आरोप संसद की गरिमा को नहीं बढ़ाएंगे। राष्ट्रहित ही सर्वोपरि होना चाहिए। सांसद अपने-अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए जनसमस्याओं पर चर्चा करेंगे। इसके अतिरिक्त आने वाले वर्षों के लिए भी मोदी जी ने नये सुधारों का संकल्प लिया। लोकसभा और राज्यसभा के सांसदों के व्यवहार में भी सुधार होने चाहिए। देश महत्वपूर्ण है व्यक्ति नहीं। जितनी जल्दी यह स्वीकार कर लिया जाए, उतना ही भारतीय संसद का माहौल लोकतंत्र के गौरव के अनुरूप हो जाएगा। यह लोकतंत्र के लिये शुभ होगा।

**साभार: लेखक के अपने विचार हैं..**

# राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में विशेष बौद्धिक चर्चा का आयोजन

## जासलपुर ग्राम में निकाली गई प्रभात फेरी

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई बालक एवं बालिका वर्ग का सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर ग्राम जासलपुर में आयोजित किया गया है।इसके अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम और अभ्यास संपन्न किये जा रहे हैं। प्राचार्य डॉ ओ एन चौबे ने जानकारी दी कि स्वयंसेवकों द्वारा प्रतिदिन दिनचर्या में योगाभ्यास, प्रभात फेरी और स्वच्छता अभियान सम्मिलित है। बौद्धिक चर्चा में क्रमशः पर्यावरण और स्वच्छता, ग्लोबल वार्मिंग और तनाव मुक्ति एवं एकाग्रता पर श्री एन के रघुवंशी, डॉ रवि उपाध्याय और डॉ कमल वाधवा द्वारा विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। इस दौरान खेल गतिविधियों और गांव में जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। डॉ डी एस खत्री, डॉ महेश मानकर ने भी शिविर में उपस्थित होकर स्वयंसेवक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ ईरा वर्मा और डॉ एस के दिवाकर द्वारा शिविर सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है । साहिल तिलोटिया, जुगल किशोर प्रीति कटारे ,प्रीति उईके, हितेश यादव, पूर्णिमा, शीतल आशीष पाटनकर का विशेष सहयोग रहा है।




### संत रविदास ने भक्ति मार्ग को प्रबल कर विधर्मियो से लड़कर सनातन धर्म को मजबूत किया : राठौर

# विश्व हिंदू परिषद ने संत रविदास की जयंती हर्षोल्लास से मनाई

**सिवनी मालवा , दोपहर मेट्रो**

संत रविदास जयंती पर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने स्थानीय रविदास मंदिर में पूजा अर्चना कर सामाजिक बंधुओ बुजुर्गो को तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया। संत रविदास जी की 647 वी जयंती पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर सिवनी मालवा के रैदास मोहल्ला में स्थित संत रविदास जी के मंदिर में विश्व हिंदू परिषद विभाग मंत्री शिव राठौर के मार्गदर्शन बजरंग दल जिला सह संयोजक सतीश बकोरिया नगर उपाध्यक्ष अशोक कुचबंदिया जागृत हिंदू संस्कृति रक्षक मंच नगर अध्यक्ष नरेश जायसवाल समाजसेवी रविशंकर राठौर भाजपा अनुसूचित मोर्चा संयोजक संजय पंवार ग्रामीण प्रखंड मंत्री उमेश अंकिले ग्रामीण सत्संग प्रमुख धनसिंह सुरमा की उपस्तिथि में मंदिर में कार्यक्रम में उपस्थित रैदास सामाजिक बंधुओ बुजुर्ग जनों मातृशक्ति का तिलक लगाकर पुष्प हार माला पहनाकर भगवा दुपट्टा भेटकर जयंती पर्व की शुभकामनाएं बधाई दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री शिव राठौर ने कहा कि पूज्य ऋषि मुनियों की भूमि पर जब जब भी विधर्मीयों के अत्याचार बड़े सनातन पर खतरा मंडराया संतों ने दिशा देकर सनातन को बचाने का प्रयास किया है,संत रविदास जी का जन्म सन् 1398 मैं माघ पूर्णिमा के दिन रविवार को अवतरण भोले बाबा की





धार्मिक नगरी काशी में हुआ रविवार को जन्मे तो उनको रविदास का नाम दिया गया। उन्होंने कहा कि गुरु रविदास महान संत होने के साथ ही बे वड़े दर्शन शास्त्री और समाज सुधारक भी थे ईश्वर में अटूट श्रद्धा होने के बाद भी गुरु रविदास जी ने समरसता बराबरी का संदेश पूरा जीवन भर प्रसारित करते रहे किसी जाति के कारण कोई छोटा नहीं होता व्यक्ति द्वारा किए गए कर्मों से उसे निम्न बनाते हैं वे बड़े धार्मिक स्वभाव के थे भक्ति मार्ग पर चलकर संत रविदास ने ईश्वर दिव्य ज्ञान की प्राप्ति की उन्होंने जात पात से ऊपर उठकर लोगों को मन की शुद्धता से रूबरू कराया उन्होंने अपनी आजीविका को धन कमाने का साधन बनाने के बजाय संत सेवा धर्म मार्ग का माध्यम बनाया उनका यह दोहा प्रसिद्ध हुआ कि मन चंगा तो कठौती में गंगा उनका मुस्लिम पीर सदना को अपना शिष्य बनाकर सनातन धर्म की दीक्षा दी। वे महान तपस्वी आध्यात्मिक संत थे।

विश्व हिंदू परिषद रविदास जयंती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विभाग मंत्री शिव राठौर नगर अध्यक्ष सौरभ रघुवंशी उपाध्यक्ष अशोक कुचबंदिया संजय पंवार नरेश जायसवाल रवि शंकर राठौर भाजपा नगर उपाध्यक्ष नीलेश राठौर बजरंग दल नगर संयोजक भुरू बग्गन नगर मठ मंदिर प्रमुख कृष्ण कांत तिवारी नरेंद्र मोटा कलोसिया विक्की राठोर गोलू धुर्वे नरेंद्र यदुवंशी जानी नागले संजय जगताप तरुण सुनानिया रविंद्र छिरेले रैदास स्वजातीय बंधु में अहिरवार समाज के अध्यक्ष भैया लाल जकनोरे फत्तू लाल जी बनवारी रामकिशन जकनोरे राजा गनगोरे दिलीप गनगोरे मनोज गन गोरे अजेश गन गोरे राम अवतार जकनोरे राजमोहन जक नोरे राजकुमार श्याम संजय राठौर महेंद्र अशोक चिंटू बंटी गोविंदा वीरू गन गोरे अनिल जकनोरे अजय गन गोरे संदीप जकनोरे वीरू गनगोरे किरण बाई जकनोरे शीला गनगोरे के साथ बड़ी संख्या स्वजातीय बंधु मातृशक्ति उपस्थित थे।

# संत श्री बिहारी दास महाराज के 16वें अवसान दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नर्मदा खंड से विशेष अनुराग रखने वाले नर्मदा अंचल क्षेत्र में यत्र सर्वत्र परिभ्रमण करने वाले वैष्णो साधु सोनपुर उड़ीसा पाइगवाल धाम के महंत श्री श्री 1008 श्री बिहारी दास महाराज के 16 वें अवसान दिवस पर सैकड़ो की संख्या में पाइगबाल आश्रम पहुंचकर साधु संतों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए. संत श्री के शिष्य महंत सरजू दास महाराज ने बताया स्वर्गीय महाराज श्री बिहारी दास जी को उड़ीसा के सोनपुर बलांगीर बौद्ध आदि जिले के संत महात्मा सहित देश प्रदेश के अनेक स्थानों से आए साधु संतों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए

महाराज श्री के ईश्वरी भक्ति भाव को स्मरण किया. हर साल माघ पूर्णिमा के दूसरे दिन एकम तिथि को



महाराज श्री की पुण्यतिथि का आयोजन किया जाता है. जिसमें उपस्थित होकर सैकड़ो की संख्या में साधु संत एवं भक्त गण भोजन परसादी ग्रहण करते हैं।

## 181 सहित मिलेगी 38 तरह की सेवाएं

**विदिशा ।** 4 सीएम हेल्पलाइन 181 पर एक कॉल के माध्यम से मूल निवास, आय प्रमाणपत्र, खसरा, खतौनी बी-1 और नक्शा की अप्रमाणित प्रति अपने नंबर पर प्राप्त कर सकते हैं। लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन, एमपी भू-लेख के माध्यम से ली जाने वाली सेवाएं खसरा, खतौनी बी-1, नक्शा की प्रमाणित प्रति के लिए 30 रुपए प्रथम पृष्ठ व अतिरिक्त पृष्ठ 15 रुपए के स्थान पर 181 पर कॉल कर मात्र 10 रुपए प्रति पेज प्राप्त कर सकते हैं।

## लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक

**विदिशा ।** कलेक्टर उमाशंकर भार्गव के द्वारा लंबित आवेदनों की समीक्षा बैठक सोमवार 26 फरवरी की प्रातः 10.30 बजे से आयोजित की गई है कि जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर श्री अनिल कुमार डामोर ने बताया कि कलेक्टेउ्ट के बेतवा सभागार में आयोजित होने वाली उक्त बैठक में सभी विभागो के जिलाधिकारियो को नियत समय पर उपस्थित होने की सूचनाएं संप्रेषित की गई है वहीं समस्त एसडीएम व खण्ड स्तरीय अधिकारियों से वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से संवाद किया जाएगा।

# पटवारी भर्ती परीक्षा: चयनित अभ्यर्थियों का हुआ सत्यापन

**रायसेन ।** आयुक्त भू-अभिलेख ग्वालियर द्वारा पटवारी भर्ती परीक्षा-2022 के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों की काउंसलिंग के संबंध जारी दिशा-निर्देशानुसार रायसेन जिले हेतु चयनित अभ्यर्थियों का सत्यापन और दस्तावेज परीक्षण की कार्यवाही शनिवार को रायसेन स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में की गई। कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा प्रातः ही शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पहुंचकर अभ्यर्थियों का सत्यापन और दस्तावेज परीक्षण की कार्यवाही का अवलोकन किया गया। साथ ही मौके पर उपस्थित अपर कलेक्टर अभिषेक दुबे तथा एसडीएम मुकेश सिंह को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा अभ्यर्थियों की सुविधा के दृष्टिगत आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। अभ्यर्थियों की सुविधा हेतु हेल्पडेस्क भी स्थापित की गई, जिससे अभ्यर्थियों को किसी भी जानकारी के लिए परेशान नहीं होना पड़ा। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर में ही अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए शासन द्वारा निर्धारित दर पर शपथ पत्र बनवाने तथा नोटरी की व्यवस्था भी की गई।

# समाधान आपके द्वार : प्रकरणों का हुआ निराकरण

**रायसेन ।** जिले में समझौता समाधान ''न्याय आपके द्वार'' योजना अंतर्गत 24 फरवरी को जिले के सभी विकासखण्डों तथा नगरीय निकाय अंतर्गत कलस्टर स्तर पर समाधान आपके द्वार शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें कलेक्टर श्री अरविंद दुबे के निर्देशानुसार गठित दलों द्वारा राजस्व, पुलिस, विद्युत, वन आदि से संबंधित थानों और न्यायालयों में लंबित विवादों तथा प्रकरणों का पक्षकारों को समझाईश देकर आपसी सहमति



से निराकरण कराया गया। इन शिविरों में राजस्व, वन, विद्युत, पुलिस, नगरीय निकायों के न्यायालयों में लंबित व प्रीलिटिगेशन सिविल व आपराधिक विवादों तथा प्रकरणों के साथ ही आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, गैस कनेक्शन, सीएम हेल्पलाईन, समग्र आईडी संबंधी लगभग दो लाख प्रकरण निराकरण हेतु रखे गए थे, जिनमें से डेढ़ लाख से अधिक प्रकरणों का पक्षकारों को समझाईश उपरांत सहमति से निराकरण हुआ। इससे लगभग तीन लाख से नागरिक लाभान्वित हुए। प्रकरणों के निराकरण उपरांत पक्षकारों से समझौता पत्र पर हस्ताक्षर कराते हुए उन्हें पत्र भी प्रदान किया गया। सम्पूर्ण जिले में विकासखण्डों और नगरीय निकायों में कलस्टर स्तर पर आयोजित किए गए इन समाधान आपके द्वार शिविरों में अधिकाधिक प्रकरणों और विवादों के निराकरण हेतु कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। साथ ही पक्षकारों से भी अपने विवादों और प्रकरणों को आपसी सहमति से इन शिविरों में निराकृत कराने की अपील की गई थी। कलेक्टर श्री दुबे द्वारा कलस्टर स्तर और तहसील स्तर पर दल गठित किए गए थे। जिन प्रकरणों या विवादों का निराकरण कलस्टर स्तर पर नहीं हो पाया, उनका निराकरण तहसील स्तर पर गठित दलों द्वारा कराया गया। इन दलों का प्रभारी संबंधित एसडीएम तथा तहसील मुख्यालय पर तहसीलदार को बनाया गया।


**मेट्रो एंकर**

### मुख्यमंत्री कन्यादान व निकाह योजना के तहत विवाह सम्मेलन आयोजित

# एक ही मंडप में 456 जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधे

**विदिशा , दोपहर मेट्रो**

मुख्यमंत्री कन्यादान तथा निकाह योजना के तहत आयोजित वैवाहिक समारोह में 456 जोड़े विवाह बंधन में बंधे। एक ही मण्डप में विवाह और निकाह की रस्में अदा की गई है। विदिशा जिला मुख्यालय के रामलीला मेला परिसर में आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में विदिशा विधायक श्री मुकेश टण्डन, विदिशा जनपद पंचायत के अध्यक्ष श्री वीर सिंह रघुवंशी, सांसद प्रतिनिधि श्री कैलाश रघुवंशी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा नव वरवधुओं को शुभ अशीर्वाद प्रदाय किया। पंडित दिनेश शास्त्री ने वैदिक विधि से मंत्रोच्चार के साथ विवाह कराया। मौलवी सैयद साजिद अली काजी ने




निकाह की रस्में अदा कराई। मुख्यमंत्री कन्या दान योजना के तहत हरेक वधु को 49-49 हजार रुपए का चेक बैंक एकाउंट पेय चेक अतिथियों के द्वारा प्रदाय किया गया। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना से लाखों गरीब परिवारों बेटियों को अपने बेटी के विवाह की चिंता नहीं करनी है। बेटियों का विवाह सरकार धूमधाम से करा रही है। केन्द्र सरकार और राज्य सरकार गरीबों के कल्याण के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

सामाजिक न्याय विभाग की समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी नेहा सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत रविवार 25 फरवरी को संयुक्त रूप से जिले के सभी जनपदो व निकायो का संयुक्त योजना के तहत सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम आयोजित किये गए थे। तदानुसार नटेरन में कुल 33 विवाह सम्पन्न हुए है विदिशा में कुल 42 में से 36 विवाह व छह निकाह शामिल है इसी प्रकार बासौदा में 101 में से विवाह 83 व निकाह 18, कुरवाई में 68 में से विवाह 33 व निकाय 35, ग्यारसपुर में 45 विवाह तथा सिरोंज में कुल 167 में से 86 विवाह व निकाह 81 शामिल है।



# शब-ए-बारातः मुरवास में उमड़ा जन सैलाब शानदार जलसे का हुआ आयोजन





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।** मुस्लिम समुदाय द्वारा बीती रात शब ए बरात का पर्व पारंपरिक रूप से मनाया गया जहां एक ओर पुरुषो ने मस्जिदों में रात भर इबादत की वही महिलाओं ने अपने अपने घरों में नमाज, जिक्र और दुआओं में रात गुजारी, इतना ही नहीं छोटे-छोटे बच्चो ने भी अपने-अपने अंदाज में इबादत की इधर मदरसा रियाजुल मदारिस इस्लामिया में सालाना जलसे का अयोजन किया गया जिसमें उलमा का बयान हुआ उधर मदरसा सिराजुल उलूम मुरवास में भी शानदार जलसा हुआ जिसमें बड़ी संख्या लोगों का जन सैलाब उमड़ पड़ा, उक्त जलसे को बाहर से आए उलमा ने संबोधित किया।

## मप्र के साहित्य की तारीख नजर निजामी के बगैर अधूरी रहेगी



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

जबलपुर में साहित्य अकादमी दिल्ली और गुलशन ए अदब के संयुक्त तत्वावधान में नजर निजामी की याद में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें साहित्य अकादमी के कनवीनर चंद्र भान ख्याल ने कहा कि नजर निजामी जैसे शायरों की सेवाओं को आम करने के लिए उर्दू भाषा को पढ़ना, लिखना और उस की हिफाजत करना है। स्तुति अग्रवाल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि नजर निजामी के जिक्र के बगैर मध्य प्रदेश के साहित्य की तारीख अधूरी रहेगी। नजर ने जबलपुर को अपनी शायरी से अमर कर दिया है। डॉक्टर मेहताब आलम ने कहा कि नजर ने कबीर, रैदास, टैगोर की शायरी भी पढ़ी। यही वजह है कि दिल की बात दिल तक पहुंचा देते हैं। इस सेमिनार में शेख निजामी, बिल्कीस जहां, बद्र वास्ती, मुस्तकीम रजा, अशफाक आरिफ जलीलउर रहमान, आदि ने भाग लिया। कामयाब संचालन शफीक अंसारी ने किया। सेमिनार के बाद मुशायरे का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता अली अब्बास उम्मीद ने की।

### मुंबई हॉस्पिटल के डॉक्टर ने किया उपचार

## अग्रवाल तरुण मंडल ने निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

अग्रवाल तरूण मंडल ने स्त्री रोग एवं हड्डी रोग निदान शिविर का आयोजन सतखनी स्थित अग्रवाल धर्मशाला में किया। जिसमें बाम्वे हास्पिटल से आई डाक्टर डा रूपिका गर्ग तथा डा सचिन गर्ग ने रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित परामर्श दिया तथा स्वस्थ रहने कि टिप्स देते हुए डां, सचिन गर्ग ने कहा कि हम अपने क्लीनिक पर तो सेवाएं देते है पर इस तरह के शिविर जाकर लोगों की मदद करना भी अच्छा लग रहा है। शिविर लगाने से नगर के सभी रोगी लाभान्वित होते है। इस दौरान संस्था के सभी सदस्य उपस्थित थे।

### गांव-गांव के कष्ट दूर किए हैं आपके बेटे लक्ष्मीकांत ने - विधायक

# धूमधाम से मनी शबरी जयंती, दो दिन आदिवासी महाकुम्भ का आयोजन





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

लटेरी आदिवासी वेशभूषा हाथों में तीर कमान, ओर मन में मैया के प्रति उत्साह आनंद और उनके प्रति अनुराग का उल्लास। आदिवासी सामाजिक संस्कृति से ओतप्रोत होकर यह आयोजन हुआ लटेरी के ग्राम नेवली में ओर अवसर था भगवान राम की अनन्य भक्त शबरी मैया की जयंती का। जिसके भागीरथी बने विधायक उमाकांत शर्मा जिन्होंने न केवल क्षेत्र के भील आदिवासी समाज को एक मंच पर एकत्रित किया बल्कि उनके सामाजिक उत्थान को लेकर कार्ययोजना बनाकर प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया।

लटेरी में ग्राम नेवली में स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा लोक कल्याण न्यास एवं पूंजा भील जनकल्याण समिति के तत्वाधान में माँ शबरी जयंती के अवसर पर दो दिवसीय आदिवासी महाकुंभ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशाल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अंतिम दिन रविवार को लटेरी के मुख्य मार्गो से पारंपरिक भेषभूषा एवं देशी ढपलो नागडियो की थाप के साथ उत्साह पूर्वक शोभायात्रा प्रारम्भ की गई जो कार्यक्रम स्थल पहुँचकर एक धर्म सभा के रूप में परिवर्तित हुई। यह बने विशाल मंच से आदिवासी कला परिषद की टीम ने प्रमुख आचार्य रुद्रा के नेतृत्व में माँ शबरी के जन्म से लेकर उनके जीवन पर्यंत प्रभु श्री राम की



अन्नय भक्ति और उनके दर्शन के साथ प्रेमबिहल होकर खाए गए झूठे बेर आदि संस्मरणों पर आधरित धर्म कथा का समन्न हुई। इसके बाद आयोजन समिति की ओर से विधायक उमाकांत शर्मा ने भील आदिवासी समाज के वरिष्ठ नागरिकों का साफा बांधकर सम्मान किया। उन्होंने आदिवासी समाज के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के मेधावी छात्रों का भी सम्मान किया।इसके पूर्व कार्यक्रम की शुभारम्भ माँ सरस्वती आदिवासी समाज के देवता महापुरुष तथा स्व लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण से किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम का संचालन रामगुलाम राजौरिया ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप सेभाजपा संगठन के वरिष्ठ नेता, जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

**आदिवासी सनातन समाज की ताकत, 21 लाख की लागत से बनेगा शबरी आश्रम :** आदिवासी सम्मेलन को संबोधित करते हुए विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि पहले से ही आपके लाडले बेटा लक्ष्मीकांत शर्मा ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों के माध्यम से सेवा करने का प्रयास किया है। गांव ओर दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वालों के कष्ट दूर किए हैं आज सभी गांव मुख्य सड़क से जुड़े यह सब अटल जी की दूरगामी सोच से ही संभव हुआ है। इस दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने 21 लाख की लागत से शबरी भवन निर्मन की घोषणा करते हुए आधारशिला भी रखी। जिसे शबरी आश्रम के नाम से पहचाना जाएगा। उन्होंने कहाँ की आज कई लोग जातियों को बांट कर उन्हें लड़ाने का काम कर रहे हैं लेकिन हम सब विराट पुरुष की संतान है वही भारतीय जनता पार्टी सभी समाजों को संमभाव की दृष्टि से देखती है कार्यक्रम के समापन पर सामूहिक भोज का भी आयोजन हुआ।

### आदिवासी समाज की वरिष्ठ सेवा समिति एवं प्रतिभाओं का किया सम्मान

विधायक उमाकांत शर्मा के द्वारा समाज की वरिष्ठ समाज के लिए एवं समाज सेवा के क्षेत्र कार्य कर रहे हैं समाज सीडीओ का अभिनंदन पत्र साल एवं पगड़ी के माध्यम से स्वागत किया गया जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व जिला पंचायत सदस्य मथरालाल, मंगल सिंह तूफान सिंह राम भरोसा माखन सिंह शंकर लाल गजराज सिंह मदन सिंह भैरों सिंह आदी का स्वागत किया साथ ही 10वीं 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली आदिवासी छात्रों एवं एक दिन पूर्व आयोजित हुई खेल प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को भी सम्मानित किया गया।

**विशेष रही संगीतमई शबरी कथा :** आचार्य रूद्र एवं उज्जैन संस्कृतिक विभाग के सहयोग से शबरी कथा का आयोजन किया गया जिसमे मैया शबरी के जन्म विवाह नहीं कराने का कारण, मातंग रिशी की शिष्या तथा भगवान राम से मिलन की कथा का वर्णन विस्तार पूर्वक किया। मैया शबरी की सांस्कृतिक विभाग के द्वारा प्रदर्शनी लगाई।

**मेट्रो एंकर** एक-दूसरे के बने हमसफर, भाजपा नेताओं ने पुष्पवर्षा कर किया बारातियों का स्वागत

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 165 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे, निकाह एक छत के नीचे





**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

रविवार को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन स्थानीय मंडी प्राँगण में किया गया। धूमधाम के साथ आयोजित हुए इस सम्मेलन में 167 जोड़ो का पंजीयन किया गया था जिसमे दो जोडे अनुपस्थित होने से 165 जोडो का विवाह और निकाह सम्पन्न हुआ। धूमधाम से सम्पन्न हुए इस आयोजन में 84 हिन्दू जोड़ो ने अग्नि के सात फेरे लिए वही 81 मुस्लिम जोड़ो ने निकाह कबूल किया। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने नवदम्पतियों के मंगल जीवन की शुभकामनाएं देते हुए पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। स्थानीय मंडी प्राँगण में सम्पन्न हुए विवाह सम्मेलन को भव्यता के साथ संपन्न करने के निर्देश विधायक उमाकांत शर्मा ने स्थानीय प्रशासन को दिए थे। उनके निर्देश पर इस बार बुंदेलखंडी लोकगीत एवं राधा कृष्ण की बधाई नृत्य की झांकी का आयोजन भी सम्मेलन के दौरान बारातियों के मनोरंजन के लिए किया गया था। दोपहर करीब 1 बजे ब्राह्मणों के वेदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह के आयोजन प्रारम्भ हुए। प्रशासन ने नीलामी परिसर शेड में प्रत्येक जोडे को अग्नि के सात फेरे लेने के लिए वेदियों का निर्माण किया था। वही मुस्लिम जोड़ो के निकाह के लिए एक अलग शामियाना लगाया गया था जहाँ शहर काजी ने निकाह पढ़ाया। इस अवसर पर मंच से आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने भाजपा सरकार द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान एवं अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में ओर हमारे लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से सिरोंज लटेरी विधानसभा की तकदीर ओर तस्वीर बदलने का काम किया जा रहा है। सम्मेलन में वर वधु पक्ष के लिए प्रशासन की ओर से बीस बीस पैकेट भोजन का इंतजाम किया गया था तथा प्रशासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को 49 हजार की अनुग्रह राशि का चेक भी वितरित किया गया। विवाह एवं निकाह होने के उपरांत मंच पर बैठे जनप्रतिनिधियों ने सभी जोड़ो के बीच पहुँचकर उन्हें शुभकामनाएं आशीर्वाद देते हुए पुष्पवर्षा के स्वागत भी किया। दर्जनों की सँख्या में हुए इस सामूहिक विवाह के अवसर पर प्रमुख रूप से नपा उपाध्यक्ष मनोज साईनाथ, जनपद अध्यक्ष पुष्पा यादव, नपाध्यक्ष मनमोहन साहू,एसडीएम हर्षल चौधरी, एसडीओपी उमेश तिवारी, जनपद सीईओ वंदना शर्मा, नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू जनभागीदारी समिति अध्यक्ष शिवकुमार भार्गव, पार्षद सचिन शर्मा, बलजीत यादव आदि मौजूद रहे।



# प्रमोद भगत, सुहास यथिराज और कृष्णा नागर ने जीते स्वर्ण पदक

बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024

**नईदिल्ली, एजेंसी**

प्रमोद भगत, सुहास यथिराज और कृष्णा नागर ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारत ने रविवार को चार रजत और 11 कांस्य पदक के साथ अपने अभियान का समापन किया। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 18 पदकों के साथ रविवार को थाईलैंड के पटाया में आयोजित बीडब्ल्यूएफ पैरा बैडमिंटन विश्व चैंपियनशिप 2024 में अपने अभियान का समापन किया। जिसमें 3 स्वर्ण, 4 रजत और 11 कांस्य पदक शामिल रहे। पुरुष एकल वर्ग के फाइनल में प्रमोद भगत ने बैडमिंटन वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर 1 इंग्लैंड के डेनियल बेथेल को एक घंटा 40 मिनट चले मुकाबले में हराकर स्वर्ण पदक जीता। प्रमोद ने डेनियल को 14-21, 21-15, 21-14 से हराया। वहीं, इस वर्ग में नीतीश कुमार और मनोज सरकार ने कांस्य पदक जीता। पुरुष एकल फाइनल में विश्व रैंकिंग में तीसरे नंबर पर काबिज़ टोक्यो 2020 पैरालंपिक रजत पदक विजेता सुहास यथिराज ने इंडोनेशिया के फ्रेडी सेतियावान को सीधे गेम में मात दी। 37 मिनट चले इस मुकाबले में भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने फ्रेडी 21-18, 21-18 से हराया। पुरुष युगल स्5 में चिराग बरेठा और राज कुमार की जोड़ी ने मलेशिया के मुहम्मद फरीज अनुआर-चीह लीक होउ से 21-17, 21-18 से हार झेलनी पड़ी और उन्हें रजत पदक हासिल किया। इसके अलावा पुरुष एकल स॥6 फाइनल में कृष्णा नागर ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के लिन नेली को सीधे गेम में 22-20, 22-20 से हराया। दूसरी तरफ महिला एकल वर्ग फाइनल में मनीषा रामदास को चीन की यांग किउज़िया से 21-16, 21- 16 से हार का सामना करना पड़ा और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वहीं, महिला युगल स॥6 वर्ग के स्वर्ण पदक मुकाबले में रचना पटेल और निथ्या श्री रिटायर हो गई थी और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। महिला युगल मुकाबले में मानसी जोशी और थुलासिमथी मुरुगेसन इंडोनेशिया की जोड़ी लीनी रात्रि ओकटीला-खलीमातुस सादियाह से 22-20, 21-17 से हार झेलनी पड़ी।



### भारत और इंग्लैंड का रांची में टेस्ट सीरीज का चौथा मैच

# रांची में इंग्लिश स्पिनर्स ने पलटा मैच, भारत ने 36 रन पर गंवाए 5 विकेट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

भारतीय टीम के ओपनर रोहित शर्मा और यशस्वी जयसवाल आसानी से रन बना रहे थे. ऐसा लग रहा था कि टीम इंडिया आसानी से 192 रनों का लक्ष्य हासिल कर लेगी. लेकिन इसके बाद भारत को 84 रनों के स्कोर पर पहला झटका लगा. यशस्वी जयसवाल 37 रन बनाकर लौटे. यशस्वी जयसवाल के आउट होने के बाद अंग्रेज स्पिनर हावी हो गए. भारतीय बल्लेबाज शोएब बशीर, जो रूट और टॉम हॉर्टली के सामने संघर्ष करते नजर आए. नतीजन, भारत के 5 बल्लेबाज महज 36 रनों के अंतराल पर पवैलियन का रूख कर गए. भारत की आधी टीम 120 रनों तक पवैलिन लौट गई। 15वें ओवर की तीसरी बॉल टॉम हार्टले ने फिर गूगली फेंकी। यशस्वी जायसवाल उसे ड्राइव करना चाहते थे, लेकिन बॉल उनके पैड्स पर लग गई। इंग्लिश प्लेयर्स ने की अपील की लेकिन अंपायर ने नॉट आउट का फैसला दे दिया। कप्तान बेन स्टोक्स ने रिव्यू लिया, रिप्ले में अंपायर्स कॉल होने के कारण यशस्वी बच गए।



### बशीर ने जडेजा-सरफराज को आउट किया

भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मुकाबला रांची में खेला जा रहा है। रांची टेस्ट के चौथे दिन का खेल शुरू हो गया। सोमवार को टीम इंडिया ने 40/0 के स्कोर से चौथे दिन अपनी दूसरी इनिंग आगे बढ़ाई। फिलहाल दूसरे सेशन का खेल जारी है। शुभमन गिल और ध्रुव जुरेल क्रीज पर हैं। टीम ने पांच विकेट के नुकसान पर 133 रन बना लिए हैं। भारत का पांचवां विकेट गिरा। सरफराज खान खाता खोले बिना शोएब बशीर की बॉल पर आउट। अब तक इंग्लैंड की तरफ से शोएब बशीर 5, जो रूट और टॉम हार्टले को एक-एक विकेट मिला। इंग्लिश टीम तीसरे दिन के तीसरे सेशन में दूसरी पारी में 145 रन पर ऑलआउट हो गई। इंग्लैंड की पहली पारी के 46 रन की लीड के आधार पर भारत को 192 रन का टारगेट मिला। इससे पहले, इंग्लैंड टीम पहली पारी में 353 और भारतीय टीम 307 रन पर ऑलआउट हुई। कप्तान रोहित शर्मा और ओपनर यशस्वी जायसवाल के बीच 84 रन की पार्टनरशिप हुई। यह पार्टनरशिप यशस्वी के विकेट के साथ टूटी। वह 37 रन बनाकर जो रूट का शिकार बने। भारत का पहला विकेट यशस्वी जायसवाल के रूप में गिरा। यशस्वी 44 बॉल पर 37 रन बनाकर आउट हुए। उनका विकेट जो रूट ने लिया। यह चौथे दिन और दूसरी भारत के दूसरे इनिंग का पहला विकेट है। यशस्वी एक्स्ट्रा कवर पर शॉट खेलना चाहते थे, लेकिन बॉल, बैट का बाहरी किनारा लेकर शॉर्ट थर्ड मैन पर फील्डिंग कर रहे जेम्स एंडरसन की तरफ चली गई।

### रजत पाटीदार फिर फेल

जडेजा को बशीर ने दूसरे सेशन की पहली बॉल पर पवेलियन भेजा रवींद्र जडेजा को शोएब बशीर ने दूसरे सेशन की पहली ही बॉल पर आउट कर दिया। जडेजा 33 बॉल पर 4 रन ही बना सके। भारत का इस इनिंग में यह चौथा विकेट था। रांची टेस्ट के चौथे दिन के पहले सेशन का खेल खत्म हो चुका है। लंच तक भारत की तरफ से शुभमन गिल और रवींद्र जडेजा नाबाद लौटे। आज टीम ने 40/0 के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। पहला सेशन खत्म होने तक टीम ने तीन विकेट के नुकसान पर 118 रन बना लिए हैं। रजत पाटीदार फिर फेल 100 के स्कोर पर भारत को तीसरा झटका लगा। रजत पाटीदार खाता खोले बिना पवेलियन लौटे। उन्हें शोएब बशीर ने ओली पोप के हाथों कैच कराया। रजत इस पूरी सीरीज में फेल रहे हैं। भारत के 27वें ओवर में 100 रन पूरे हो गए। शुभमन गिल ने शोएब बशीर की बॉल पर सिंगल लेकर टीम का स्कोर 100 रन तक पहुंचाया। रोहित शर्मा 55 रन बनाकर आउट हो गए। उन्हें टॉम हार्टले की बॉल पर विकेटकीपर बेन फोक्स ने स्टंप्ड कर दिया। कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर का 17वीं फिफ्टी पूरी कर ली है।

### 90 रन की शानदार पारी खेली

# ध्रुव के रूप में भारत को मिल गया अगला एमएस धोनी




**नईदिल्ली, एजेंसी**

ध्रुव जुरेल को पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने भारत का अगला एमएस धोनी बताया है। उन्होंने उन चीजों का भी जिक्र किया है, जो दोनों में समान हैं। ध्रुव जुरेल बतौर विकेटकीपर बल्लेबाज अपने सेलेक्शन को सही साबित किया है। ध्रुव जुरेल ने अपने डेब्यू टेस्ट में इंग्लैंड के खिलाफ 46 रन की विस्फोटक पारी खेली थी। वहीं, अब रांची टेस्ट में उन्होंने 149 गेंदों का सामना करते हुए 6 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 90 रन की शानदार पारी खेली है, लेकिन वह अपने पहले टेस्ट शतक से चूक गए। हालांकि उनकी यह पारी उस समय आई है, जब भारत को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत थी। उनकी पारी से भारत का स्कोर 300 के पार पहुंच सका है। इसी बीच ध्रुव जुरेल में पूर्व दिग्गज खिलाड़ी सुनील गावस्कर ने कुछ ऐसी चीजें देखी हैं, जो एमएस धोनी में थीं। इसी वजह से गावस्कर ने ध्रुव जुरेल को भारत का अगला एमएस धोनी बताया है।

### जुरेल के पास भी धोनी जैसा प्रेजेंस ऑफ माइंड

गावस्कर ने कहा कि बेशक ध्रुव जुरेल ने अच्छी बल्लेबाजी की है, लेकिन स्टंप के पीछे भी उन्होंने शानदार काम किया है। उनकी खेल के प्रति जागरुकता को देख मैं कहना चाहूंगा कि वह उभरते हुए दूसरे धोनी हैं। मैं ये जानता हूं कि कोई अन्य कभी एमएसडी नहीं हो सकता, लेकिन आपको पता होना चाहिए कि जुरेल के पास प्रेजेंस ऑफ माइंड है, धोनी ने जब करियर की शुरुआत की थी तो वह ऐसे ही थे। जुरेल के पास भी खेल के प्रति जागरुकता है। वह भी स्ट्रीट स्मार्ट क्रिकेटर हैं। बता दें कि इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में ध्रुव जुरेल 161 5वां विकेट गिरने के बाद क्रीज पर उतरे थे। इसके बाद उन्होंने एक छोर संभाले रखा और उन्होंने कुलदीप यादव के साथ मिलकर 8वें विकेट के लिए 76 रन की शानदार साझेदारी की।



## मेट्रो बाजार

# रिलायंस-डिज्नी ने साइन किया बाइंडिंग पैक्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी**

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और वॉल्ट डिज्नी सीओ ने भारत में अपने मीडिया ऑपरेशन को मर्ज करने के लिए एक बाइंडिंग पैक्ट पर साइन किया है। वहीं, स्टेटिस्टिक्स मिनिस्ट्री ने भारतीय परिवारों के घरेलू खर्च को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें सामने आया है कि भारतीय परिवारों का घरेलू खर्च पिछले 10 साल में दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। शेयर बाजार आज सोमवार (25 फरवरी) को तेजी देखने को मिल सकती है। पेट्रोल-डीजल की कीमतों में आज भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। ओवैस मेटल एंड मिनरल प्रोसेसिंग का आईपीओ ओपन होना। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और वॉल्ट डिज्नी ष्टश्र ने भारत में अपने मीडिया ऑपरेशन को मर्ज करने के लिए एक बाइंडिंग पैक्ट (बाध्यकारी समझौते) पर साइन किया है। ब्लूमबर्ग ने रविवार को अपनी एक रिपोर्ट में इस बात की जानकारी दी है। डील के अनुसार, मर्ज की गई यूनिट में रिलायंस और उसके पार्टनर्स की मीडिया यूनिट की कम से कम 61 फीसदी हिस्सेदारी होने की उम्मीद है, जबकि बाकी हिस्सेदारी डिज्नी के पास होगी। सेंसेक्स की टॉप 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से 8 के मार्केट कैपिटलाइजेशन में पिछले हफ्ते 1.10 लाख करोड़ रुपए (1,10,106.83 करोड़ रुपए) का इजाफा हुआ। सबसे ज्यादा फायदे में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड रही। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 716.16 अंक या 0.97 फीसदी बढ़ा था। बीते सप्ताह रिलायंस इंडस्ट्रीज, लाइफ इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारती एयरटेल, बैंक के मार्केट कैप में बढ़ोतरी हुई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और इंफोसिस के मार्केट कैप में सामूहिक रूप से 38,477.49 करोड़ रुपए की गिरावट आई। स्टेटिस्टिक्स मिनिस्ट्री ने भारतीय परिवारों के घरेलू खर्च को लेकर एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें सामने आया है कि भारतीय परिवारों का घरेलू खर्च पिछले 10 साल में दोगुना से ज्यादा बढ़ गया है। मासिक प्रति व्यक्ति खर्च की इस रिपोर्ट से पता चला है कि भारतीय घरों में खाने के सामान पर कम और कपड़े, टीवी-फ्रिज और मनोरंजन जैसी चीजों पर ज्यादा खर्च कर रहे हैं।

# सेंसेक्स 98 अंक फिसलकर 73,044 पर खुला, निफ्टी में भी 43 अंक की गिरावट, पेटीएम के शेयर में तेजी

मुंबई, एजेंसी। शेयर बाजार में आज यानी 26 फरवरी को गिरावट देखने को मिल रही है। सेंसेक्स 98 अंक की गिरावट के साथ 73,044 के स्तर पर खुला। वहीं निफ्टी में भी 43 अंक की गिरावट रही। ये 22,169 के स्तर पर ओपन। शुरुआती कारोबार के दौरान सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 17 में गिरावट और 13 में तेजी देखने को मिल रही है। पेटीएम के शेयर में आज 5त्न की तेजी देखने को मिल रही है। रिटेल निवेशक इस आईपीओ के लिए 22 फरवरी से 26 फरवरी तक बोली लगा सकेंगे। 29 फरवरी को कंपनी के शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे। जीपीटी हेल्थकेयर लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड 177-186 रुपए प्रति शेयर तय किया गया है। रिटेल निवेशकों मिनिमम एक लॉट यानी 80 शेयरों के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप आईपीओ के अपर प्राइज बैंड 186 रुपए के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,880 इन्वेस्ट करने होंगे। इससे पहले 23 फरवरी को शेयर बाजार में मामूली गिरावट देखने को मिली थी। निफ्टी 4 अंक की गिरावट के साथ 22,212 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, सेंसेक्स में भी 15 अंक की गिरावट रही, ये 73,142 के स्तर पर बंद हुआ।



## मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

# देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा बनी ऑस्कर नॉमिनेटेड डॉक्यूमेंट्री का हिस्सा बनीं



ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आए दिन खबरों में बनी रहती हैं. वहीं अब एक्ट्रेस ने अपने फैंस के साथ एक गुड न्यूज शेयर की है. देसी गर्ल अब ऑस्कर-नॉमिनेटेड फिल्म 'टू किल अ टाइगर' का हिस्सा हैं. इस बात की जानकारी एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी है. प्रियंका ने अपने सोशल मीडिया पर एक लंबा चौड़ा पोस्ट शेयर करते हुए बताया है कि एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के रूप में अब वह ऑस्कर-नॉमिनेटेड फिल्म टू किल अ टाइगर की टीम में शामिल हो चुकी हैं. इस गुड न्यूज को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने अपनी खुशी जाहिर की है. उन्होंने लिखा कि मुझे ये घोषणा करते हुए काफी गर्व महसूस हो रहा है कि अब मैं भी ऑस्कर-नॉमिनेटेड फिल्म टू किल अ टाइगर का हिस्सा हूं. इस फिल्म के राइट्स नेटफ्लिक्स ने खरीद लिए हैं. जब साल 2022 में मैंने पहली बार यह फिल्म देखी तो मैं तुरंत इसकी दर्द भरी कहानी से प्रभावित हो गई, जिसमें अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए एक पिता के बहादुरी भरे संघर्ष को दर्शाया गया है।

### कहा- 'मैं इंतजार नहीं कर सकती'

प्रियंका लिखती हैं कि इसकी कहानी वाकई में हार्ट हिटिंग है. मेरा जन्म भी झारखंड में हुआ था. ऐसे में एक बेटी और पिता की कहानी को देख मैं टूट गई. इस कहानी को जानने के लिए दुनिया भर के दर्शकों का मैं इंतजार नहीं कर पा रही हूं.

**जीता ये खास अवॉर्ड:** डॉक्यूमेंट्री 'टू किल अ टाइगर' 10 सितंबर साल 2022 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी, जिसे दर्शकों ने खूब पसंद किया था. बता दें कि टू किल ए टाइगर भारत की इकलौती ऐसी फिल्म है जो ऑस्कर में बेस्ट डाक्यूमेंट्री श्रेणी के लिए नॉमिनेट हुई है. इतना ही नहीं टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी इस फिल्म प्रीमियर हुआ था और यहां फिल्म ने बेस्ट कनाडाई फीचर फिल्म के लिए एम्पलीफाई वॉयस अवॉर्ड जीता था.


**दर्दनाक है फिल्म की कहानी:** फिल्म में 13 साल की छोटी सी बच्ची की दर्दनाक कहानी दिखाई गई है, जहां तीन लोग मिलकर उसका रेप कर देते हैं. वहीं पिता अपनी 13 साल की बेटी को इंसाफ दिलाने के लिए हर संभव कोशिश करता है. बता दें कि ये कहानी झारखंड में रहने वाली एक छोटी सी बच्ची की है।

# 300 रुपए में अभिनेता अक्षय खन्ना को एक्टिंग सिखाते थे अनूप सोनी





अनूप सोनी ने बताया कि उन्होंने अक्षय खन्ना को एक्टिंग सिखाई है और उनके टीचर रहे हैं?। अनूप ने बताया कि जब उन्हें कम काम मिल रहा था तो किशोर नमित के संस्थान से जुड़े। एकटर के मुताबिक, वह एक एक्टिंग क्लास के लिए 300 रुपये फीस लेते थे। एक्टर अनूप सोनी ने 1999 में फिल्मों में कदम रखे थे, जबकि अक्षय खन्ना 1997 में फिल्मों में आए थे। इसके बावजूद परिस्थितियां कुछ ऐसी बनीं कि अनूप सोनी ने अक्षय खन्ना को एक्टिंग सिखाई थी। वह उनके एक्टिंग टीचर रहे और एक क्लास के लिए 300 रुपये फीस लेते थे। अनूप सोनी ने हाल ही एक इंटरव्यू में खुद इसका खुलासा किया। फिल्मों में एंट्री से पहले अनूप सोनी ने टीवी पर काम किया था। एनएसडी से पास होने के बाद उन्होंने 1994 में टीवी की दुनिया में कदम रखे। 'शांति', 'तहकीकात' और 'सी हॉक्स' जैसे टीवी सीरियलों से वह नाम कमा चुके थे। फिर ऐसा वक्त आया, जब अनूप सोनी को एक्टिंग के कम मौके मिलने लगे। तब वह एक्टिंग टीचर बन गए थे। अनूप सोनी ने बताया, मैं बहुत बेचैन आत्मा हूं। मुझे खाली बैठना पसंद नहीं है। मुझे हमेशा कुछ न कुछ करने की जरूरत महसूस होती है। जब मैं नया था, तब मोबाइल फोन नहीं थे, हम पीसीओ पर कॉल करते थे। इसलिए, अगर मैं एक दिन में तीन कॉल करता, और वो मुझे अगले हफ्ते वापस कॉल करने के लिए कहते, तो मुझे पता चल जाता कि अब मेरे पास पूरे दिन कुछ करने के लिए नहीं है। मैं और मेरे दोस्त ट्रेन में चढ़ते और समय बिताने के लिए मरीन ड्राइव पर चले जाते। लेकिन फिर मैंने खुद से कहा कि यह मैं हर दिन नहीं कर सकता। मुझे अपने दिमाग को बिजी रखने के लिए कुछ करना होगा।



# शाहिद कपूर को ऑफर हुई थी 'रंग दे बसंती', एक्टर ने ठुकराई थी फिल्म

शाहिद ने एक खुलासा किया कि उन्हें राकेश ओमप्रकाश मेहरा की फिल्म 'रंग दे बसंती' ऑफर हुई थी। लेकिन शाहिद वो फिल्म नहीं कर पाए थे। ऑफर मना करने पर एक्टर को काफी अफसोस भी हुआ था। शाहिद कपूर बॉलीवुड के सफल एक्टर्स में से एक हैं। शाहिद ने बतौर बैकग्राउंड डांसर अपने करियर की शुरुआत की थी, लेकिन आज वे एक बड़े मुकाम पर पहुंच चुके हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा- मुझे 'रंग दे बसंती' फिल्म न करने का बहुत अफसोस है। डायरेक्टर चाहते थे कि मैं फिल्म में सिद्धार्थ की भूमिका निभाऊं। मैं स्क्रिप्ट पढ़ते समय रोया था और मुझे स्क्रिप्ट काफी पसंद भी आई थी। लेकिन दुर्भाग्य से मैं इसके लिए समय नहीं निकाल सका। क्योंकि मैं उस दौरान दूसरे 2-3 प्रोजेक्ट्स में व्यस्त था। हालांकि बाद में जब मैंने 'रंग दे बसंती' देखी, तो मुझे फिल्म काफी अच्छी लगी। शाहिद कपूर हाल ही में फिल्म 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। इस फिल्म में उनके साथ कृति सेनन थीं। फिल्म की राइटिंग और डायरेक्शन अमित जोशी और आराधना शाह की जोड़ी ने मिलकर की। रोबोट-साइंटिस्ट के बीच प्यार पर आधारित इस फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिला। पिछले साल, शाहिद ने राज और डीके की क्राइम थ्रिलर सीरीज 'फर्जी' के साथ डिजिटल स्पेस में कदम रखा, जो सबसे सफल वेब सीरीज में से एक बन गई थी। एक्टर जल्द ही पूजा हेगड़े के साथ 'देवा' फिल्म में नजर आएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक से कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरसिया पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए है। पुलिस आरोपी के खिलाफ आर्म्स?एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। एसआई रिकूं जाटव ने बताया कि रविवार रात करीब दस बजे मुखबिर से सूचना मिली थी कि नरेला पेट्रोल पंप के पास एक संदिग्ध युवक ने कट्टा और कारतूस लिए घूम रहा है। संभवत- वह किसी अपराध को अंजाम दे सकता है। मुखबिर की सूचना पर हरकत में आई पुलिस ने घेराबंदी करते हुए संदिग्ध को हिरासत में लिया। तलाशी लेने पर उसके पास से एक कट्टा और दो जिंदा कारतूस मिले। पूछताछ में आरोपी की पहचान ऋषभ शर्मा पिता राजेंद्र प्रसाद शर्मा (20) एलआईजी - 231, बी सेक्टर राजीव नगर, अयोध्या नगर के रूप में की गई। पुलिस आरोपी से कट्टा और कारतूस के बारे में पूछताछ कर रही है।

### रामकथा में पहुंची महिला के गले से सोने का मंगलसूत्र चोरी

**भोपाल।** पिपलानी इलाके में रामकथा सुनने पहुंची एक महिला के गले से चोर 50 हजार रुपए कीमत का मंगलसूत्र चोरी कर ले गए।



पुलिस के मुताबिक रश्मि सक्सेना (53) काकड़ा अभिनव होम्स अयोध्या बायपास पर रहती हैं और प्रायवेट जॉब करती हैं। शनिवार शाम को वह रत्नागिरी तिराहे के पास भेल नगर मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर पर चल रही रामकथा में शामिल होने पहुंची थी। इस दौरान कार्यक्रम में भारी भीड़भाड़ थी। शाम करीब पांच बजे आरती के समय किसी ने रश्मि के गले से उनका मंगलसूत्र चोरी कर लिया। काफी तलाश करने के बाद भी जब मंगलसूत्र का कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने देर रात पिपलानी थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

### बीमारी से परेशान महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल।** पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित बाल विहार, आनंद नगर में रहने वाली एक महिला ने बीती रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ में यह बात सामने आई कि वह अक्सर बीमार रहती थी। उसका इलाज भी करा रहे?थे और उसे किसी जानकार को भी दिखाकर लाए थे। अनुमान है कि बीमारी से परेशान होकर उसने यह कदम उठाया है। एसआई हेमराज कुमार ने बताया कि संगीता मीणा पति पवन मीणा (35) बाल विहार आनंद नगर, पिपलानी में रहती थी। पति पवन ठेले किराए पर देता है। संगीता और पवन के परिवार में दो बच्चे और माता पिता भी है। मकान बड़ा होने के कारण सभी लोग अपने अपने कमरे में रहते हैं। संगीता मीणा बीमार रहने के कारण अपने अलग कमरे में रहती?थी। कल रात करीब दस बजे पति काम से घर लौटा तो संगीता का कमरा अंदर से बंद था। काफी आवाज देने के बाद भी जब कमरा नहीं खुला तो उसने परिजन की मदद से दरवाजा तोड़ा था। इस दौरान संगीता की लाश फांसी के फंदे पर लटकी मिली। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने संगीता का शव पीएम के लिए भेज दिया है।

**युवक-युवती परिचय**



भोपाल। अखिल भारतीय लोणारी कुनबी समाज का 19वां युवक-युवती परिचय सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का सम्मान हुआ। शिवराज ने एक गायिका के साथ गीत भी गाया।

### दो महीने पहले एसिड पीने वाली महिला की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बैरागढ़ इलाके में रहने वाली एक महिला की मौत हो गई। बताया गया है कि करीब दो महीने पहले उसने एसिड पी लिया था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

पुलिस के मुताबिक गीता यादव (55) कैंप नंबर बारह बैरागढ़ में रहती थी। करीब दो महीने पहले उसने घर में एसिड पी लिया था। परिजनों ने इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। करीब दस दिनों तक इलाज के बाद महिला को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, जिसके बाद से वह घर पर थी। शनिवार रात महिला की हृदयगति रुकने के कारण मौत हो गई। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि गीता मानसिक रूप से बीमार रहती थी। कई सालों से उनका इलाज करवाया जा रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**गौतम नगर थाना क्षेत्र के आरिफ नगर का मामला**

# मकान की दीवार तोड़ते समय गिरा मलबा, मजदूर की मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित आरिफ नगर में पुराने मकान की दीवार तोड़ रहे मजदूर पर दीवार गिर गई। मलमे में दबने से मजदूर को गंभीर चोट आई थी। सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस के स्वास्थ्यकर्मी ने प्राथमिक जांच में ही मजदूर को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**



फाइल फोटो

एसआई भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि जय विजय सिंह (55) फिजा अस्पताल के पास गिन्नौरी, थाना तलैया क्षेत्र में रहते थे। उनके परिवार में पत्नी के अलावा दो बेटे हैं। मूलतः गांव बिलोनी, थाना करेली, तहसील गाडरवाड़ा जिला नरसिंहपुर निवासी जय विजय सिंह मजदूरी करते थे। आरिफ नगर गौतम नगर में अंशार भाई अपने पुराने मकान में तोड़फोड़ कर उसे नया बना रहे हैं। जय विजय सिंह और उनके साथी बलराम किरार ने मकान के अंदर की दीवार तोड़ने का ठेका दो हजार रुपए में मिला था। दोनों मजदूर घन की मदद से दीवार तोड़ने गए थे। बलराम बालकनी में तोड़फोड़ कर रहा था, जबकि जय विजय सिंह दोपहर करीब साढ़े 12 बजे के आसपास दीवार तोड़ रहे थे। करीब सात फीट दीवार थी। ऊपर लोहे की जाली और उसके ऊपर फिर दीवार थी। जय विजय ने दीवार में नीचे होल बनाया और तोड़फोड़ कर रहे थे, तभी जाली और दीवार का ऊपर का हिस्सा भरभरा का उन पर गिर गया। सीने पर दीवार का मलवा और जाली गिरने से वे बेसुध हो गए थे।

अंशार भाई मजदूर बलराम के साथ मलमा हटाकर जय विजय सिंह को बाहर निकाला और एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस के स्वास्थ्यकर्मी ने मौके पर पहुंचते ही बताया कि उनकी मौत हो चुकी है। हमीदिया अस्पताल जाइए।

### शातिर वाहन चोरों से तीन लाख रुपए कीमत की चार मोटर सायकिलें बरामद

अयोध्या नगर पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से अयोध्या नगर और गैरतगंज जिला रायसेन समेत अन्य स्थानों से चोरी की गई कुल चार मोटर सायकिलें बरामद की गई हैं। जब्त हुई बाइकों की कीमत करीब तीन लाख रुपए बताई गई है।

थाना प्रभारी महेश लिल्हारे ने बताया कि बीती 17 फरवरी को करण सिंह अहिरवार की मोटर सायकिल काकड़ा क्रशर बस्ती से चोरी हो गई थी। आरोपियों की तलाश में एक विशेष टीम को लगाया गया था। शनिवार को मुखबिर से सूचना मिली कि दो लड़के एक बाइक बेचने की फिराक में घूम रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बताए गए हुलिए के लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उन्होंने अपने नाम ब्रजेश आदिवासी (20) और अरविंद अहिरवार (22) निवासी शिवनगर आनंद नगर बताया। बाइक के कागजात मांगने पर बताया कि पिछले दिनों काकड़ा बस्ती के पास से चोरी किया था। दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर चोरी की तीन अन्य बाइकें बरामद हुई। इनमें से एक बाइक की चोरी की रिपोर्ट गैरतगंज जिला रायसेन में दर्ज है। अन्य दो बाइकों की रिपोर्ट कहां दर्ज कराई गई है, इसका पता लगाया जा रहा है।

### ढाबे से सामान चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**भोपाल।** अयोध्या नगर स्थित एक ढाबे से सामान चोरी करने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से कुल अस्सी हजार का माल बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक महेश विश्वकर्मा (29) अयोध्या नगर में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि वीरा ढाबे का ताला तोड़कर चोर ग्राइंडर और ड्रिल मशीन समेत अन्य सामान चोरी कर ले गया है। पुलिस ने इस मामले में पवन कठोतिया (19) निवासी काकड़ा क्रशर बस्ती अयोध्या नगर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से करीब अस्सी हजार रुपये का चोरी का माल बरामद हुआ है।

### गुमठी का ताला तोड़कर दूध के पैकेट चोरी

**भोपाल।** एमपी नगर स्थित एक सांची पार्लर गुमठी का ताला तोड़कर चोर दूध के पैकेट चोरी कर ले गए। पुलिस के मुताबिक नरेश कुमार सांवला एमपी नगर इलाके में सांची पार्लर चलाते हैं। शुक्रवार की रात वह गुमठी में ताला लगाकर घर चले गए थे। शनिवार सुबह पहुंचे तो गुमठी का ताला टूटा मिला और अंदर रखे सांची दूध के पैकेट गायब थे। चोरी गए दूध की कीमत करीब 2 हजार रुपए बताई गई है। अशोका गार्डन थानांतर्गत लाजपत राय कालोनी में रहने वाले विक्रम सिंह की बुलेट बाइक, आईएसबीटी बस स्टैंड गोविंदपुरा से आयुष और पिपलानी थाने के पास से भूपेंद्र अहिरवार की मोटर सायकिल चोरी चली गई। पुलिस ने सभी मामलों में केस दर्ज कर लिया है।

### शराब के लिए रुपए नहीं देने पर युवक से मारपीट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग इलाके में एक बदमाश ने शराब के लिए रुपये नहीं देने पर युवक के साथ मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक मोह. अफसार (20) बाग दिलकुशा ऐशबाग में रहता है और मार्बल कटिंग का काम करता है। शनिवार सुबह करीब सात बजे वह ऐशबाग ग्राउंड के पास एक दोस्त के आटो में बैठकर मोबाइल पर बात कर रहा था। इसी बीच मोहल्ले में रहने वाला उबेश उर्फ कचरा उसके पास पहुंचा और शराब के लिए पांच सौ रुपये देने की मांग की। अफसार ने जब रुपये देने से इंकार किया तो उबेश ने उसके साथ हाथ-मुक्कों से जमकर मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट और अड़ीबाजी का केस दर्ज कर लिया है।

## सेंट्रिंग प्लेट्स चुराने वाला आटो चालक गिरफ्तार, 1.75 लाख का माल बरामद

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ईंटखेड़ी पुलिस ने सेटरिंग प्लेट्स चोरी करने वाले एक आटो चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की कुल 20 सेटरिंग प्लेट्स और वारदात में उपयोग किया गया आटो समेत कुल 1.75 लाख का माल जब्त किया गया है। आरोपी से चोरी की अन्य वारदातों को लेकर पूछताछ की जा रही है।

थाना प्रभारी दुर्जन सिंह बरकड़े ने बताया कि बीती रात एएसआई रामस्नेही राजपूत स्टाफ के साथ इलाके में रात्रि गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक सवारी आटो में सेटरिंग प्लेट्स लेकर जाते हुए चालक को उन्होंने रोकने का प्रयास किया तो आटो चालक तेजी से भागने लगा। पुलिस ने जब उसका पीछा किया तो वह आटो छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकला। रजिस्ट्रेन नंबर के आधार पुलिस आटो मालिक रामबाबू सेन निवासी ऐशबाग के पास पहुंची। रामबाबू ने पुलिस को बताया कि उसने अपना आटो महेश यादव निवासी ग्राम अरेड़ी थाना अयोध्या नगर को किराए पर चलाने के लिए दिया है, जिसका अनुबंध भी किया गया था। उसके बाद पुलिस महेश यादव के घर पहुंची तो वह मिल गया। पुलिस ने महेश को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने उक्त सेटरिंग प्लेट्स ईंटखेड़ी इलाके से चोरी करके ले जाना बताया। इसके बाद पुलिस ने महेश को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से चोरी का माल और वारदात में उपयोग किया गया आटो जब्त किया गया है।

**मेट्रो एंकर** **आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकार्ड भी**

# ऐशबाग में हत्या के प्रयास के मामले में फरार तीन आरोपी गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

ऐशबाग इलाके में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ा गया मुख्य आरोपी जहांगीराबाद थाने का गुंडा बताया गया है, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में पहले से कई अपराध दर्ज हैं। एक अन्य आरोपी का भी आपराधिक रिकार्ड बताया गया है।

पुलिस के मुताबिक शफीक खान (32) सोनिया कालोनी ऐशबाग में रहता है। बीती 21 फरवरी की रात करीब सवा नौ बजे वह अपने घर पर था, तभी साले की पत्नी ने उसे बताया कि तीन लोग तुम्हारे भाई मंसूर को मारने के लिए बाहर खड़े हैं और गाली-गुप्तार कर रहे हैं। शफीक घर के बाहर निकला तो तीनों ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। इसी बीच एक बदमाश ने चाकू से हमला कर दिया, जो उसके दाहिने हाथ की कोहनी में लगा। आसपास के लोगों ने बीच-बचाव किया तो तीनों धमकी देते हुए वहां से भाग निकले।



फाइल फोटो

पुलिस ने इस मामले में नासिर निवासी बरखेड़ी, आमिर निवासी अशोका गार्डन और रईस खान निवासी अहीरपुरा जहांगीराबाद को गिरफ्तार कर लिया है।

### कोलार में बीमारी के चलते महिला की मौत



फाइल फोटो

**भोपाल।** कोलार में बीमारी के चलते एक महिला की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक पूनम पत्नी जीतू सूर्यवंशी (25) बंजारी कोलार रोड पर रहती थी और गृहणी थी। उसका पति ड्रायवरी करता है। पिछले कुछ समय से पूनम को पीलिया की बीमारी हो गई थी। शनिवार को पति काम पर गया हुआ था। घर पर पूनम अपने दो बच्चों और सास के साथ थी। रात को तबीयत बिगड़ने पर सास ने उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां रविवार तड़के इलाज के दौरान पूनम ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।




स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया** **संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 (*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022